वर्ष-3, अंक-325
इन्दौर बुधवार
20 मई 2026
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761,

चाणक्य नीति

जिसने अपने मन पर विजय प्राप्त कर लिया, वो किसी भी हार से उबरकर फिर से उठ सकता है।

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने आदेश को बदलने से किया इनकार, दिया निर्देश

गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को दें मौत का इंजेक्शन

नई दिल्ली, ईएमएस। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवंबर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिलजुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें।

अदालत ने कहा कि पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इनकार कर दिया है।

12-13 सितंबर को भारत आएंगे पुतिन

ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होंगे रूसी राष्ट्रपति

मॉस्को, ईएमएस। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होंगे। क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका में रूसी दूतावास ने एक्स पर इसकी पुष्टि की है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन एक वार्षिक बैठक है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के नेता शामिल होते हैं। इसके अलावा इसमें नए सदस्य देश भी शामिल हैं। इस बैठक में आर्थिक सहयोग, व्यापार, वैश्विक शासन और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की जाती है। यह मंच उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नीतियों के समन्वय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सामूहिक आवाज उठाने का अवसर देता है।

भारत ने 13 जनवरी 2026 को आधिकारिक रूप से ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता संभाली। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अस्थिरता और बदलती चुनौतियों के बीच भारत ने 10 सदस्यीय इस समूह की अपनी अध्यक्षता को नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने का संकेत दिया है। मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की ब्रिक्स 2026 अध्यक्षता की आधिकारिक थीम, लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ किया। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान सम्मेलन का लोगो भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल है। लोगो के बीच का हिस्सा नमस्ते अभिवादन पर केंद्रित है। इसे विदेश मंत्रालय द्वारा सरकार के सिटीजन एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म पर शुरू किए गए एक ओपन कॉन्टेस्ट के जरिये चुना गया था।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बोले- एक्शन लेने के बजाए मोदीजी विदेश चले गए

आने वाला है आर्थिक तूफान आम जनता होगी तबाह

रायबरेली, ईएमएस। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो दिन के यूपी दौरे पर हैं। मंगलवार को रायबरेली में उन्होंने कहा कि आर्थिक तूफान अब आने वाला है। पीएम मोदी ने अदाणी और अंबानी वाला जो आर्थिक ढांचा बनाया है, वह खड़ा नहीं हो पाएगा, बल्कि पूरा ट्टेगा। दुख की बात है कि इसका नुकसान आम जनता को होगा। राहुल गांधी ने कहा कि यूपी की जनता को शांति लगेगा। आर्थिक शांति आ रहा है। वह अदाणी, अंबानी या पीएम मोदी को नहीं लगेगा। वह यूपी के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों को लगेगा। बहुत कठिन समय आ रहा है। एक्शन लेने की बजाए प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि विदेश यात्रा पर मत जाइए, जबकि प्रधानमंत्री मोदी खुद दुनिया के चक्कर काट रहे हैं। राहुल ने कहा कि हम आपके साथ खड़े हैं। जहां भी आप जाएंगे, मुझे बुला लीजिए, मैं आपके साथ रहूंगा। मैं जनता के साथ खड़ा हूं, जनता के साथ दिखाई देता हूं और जनता से प्यार करता हूं। आप देख लीजिए, देश के तमाम बड़े नेता मोदी जी, अमित शाह जी, गडकरी सभी अंबानी जी की के घर शादी में गए थे।

राहुल गांधी वहां कभी नहीं जाएंगे। मैं यह संदेश दे रहा था कि मैं भी आप लोगों के बीच आना चाहता हूं, आपके घरों में आना चाहता हूं। आपने मेरा समर्थन किया, आपने बारात घर की मांग की थी, हमने आपको बारात घर भी दे दिया। अगली बार जब यहां शादी होगी तो मुझे जरूर बुलाइए, मैं जरूर आऊंगा। हमारा रिश्ता प्यार का है, दिल का रिश्ता है, परिवार जैसा रिश्ता है। जनता मेरे लिए माता-पिता, दादी, बहन और भाई जैसी है।

पेट्रोल-डीजल में 90 पैसे की बढ़ोतरी...पांच दिनों में पेट्रोल और डीजल के दाम में 4 रुपए प्रति लीटर का इजाफा होने से पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में रही 3 फीसदी से ज्यादा की जबरदस्त तेजी

जनता हलकान, कंपनियों ने कमाए 12,400 करोड़

- 15 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर पार, वहीं डीजल 17 में 90 रुपए से ऊपर
- कच्चे तेल के सामने रुपया फेल, डॉलर के मुकाबले ऑल-टाइम लो पर आया

● नई दिल्ली, ईएमएस

देश में पेट्रोल और डीजल मंगलवार से 90 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। एक हफ्ते से भी कम समय में ईंधन के दामों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई को ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 3-3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। इसका मतलब है कि पांच दिनों में पेट्रोल और डीजल के दाम में 4 रुपए प्रति लीटर का इजाफा देखने को मिला है। खास बात तो ये है इस इजाफे के बाद पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में 3 फीसदी से ज्यादा की जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। जिसकी वजह से इन कंपनियों की ओर से ज्वाइंटली कुछ ही घंटों में करीब 12,400 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। इसका मजलब है कि इन कंपनियों की वैल्यूएशन में इजाफा हो गया है। वैल्यूएशन के हिसाब से सबसे ज्यादा फायदा आईओसीएल को हुआ है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए लग रहा है कि 2022 का दौर दोबारा से आने वाला है। जिस तरह से महज चार दिनों में ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं, उसी तरह साल 2022 में पेट्रोल डीजल की कीमतों में कुल 13 बार इजाफा हुआ था।

पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी से जनता पर महंगाई की मार पड़ी है। देश के 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर के ऊपर बिक रहा है। वहीं 17 में डीजल का दाम 90 रुपए लीटर से ज्यादा है। उधर, मंगलवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। अंतिम समय में एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे बड़े शेयरों में बिकवाली देखी गई। रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया। नतीजे शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार के कारोबारी सत्र के दौरान सुबह से हासिल बढ़त सत्र समाप्त होने के पहले गंवा बैठा। कारोबारी सत्र के बाद 30 शेयरों का सेंसेक्स 114.19 अंक गिरकर 75,200.85 पर बंद हुआ।

2022 में 13 बार बढ़े दाम

फिलहाल तेल बाजार में जैसी उथल-पुथल देखने को मिल रही है, उसे देखते हुए लग रहा है कि 2022 का दौर दोबारा से आने वाला है। जिस तरह से महज चार दिनों में ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं, उसी तरह साल 2022 में पेट्रोल डीजल की कीमतों में कुल 13 बार इजाफा हुआ था। उस समय रूस और यू क्रेन के बीच चले युद्ध की वजह से तेल बाजार में काफी अफरा-तफरी मची थी और कच्चे तेल की कीमतें भी बढ़ गई थी। जिसके बाद भारत सरकार ने भी महज 15 दिनों के अंदर ही 13 बार पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाई थी। इस दौरान मार्च से अप्रैल के बीच 10 दिनों तक हर रोज 80 पैसा प्रति लीटर के हिसाब से दाम बढ़ाए गए थे। जितके बाद कयास लगाए जा रहे हैं 2022 का दौर दोबारा लौट सकता है। क्योंकि फिलहाल एक्सपर्ट्स भी बता रहे हैं कि धीरे- धीरे करके ईंधर की कीमतें और भी बढ़ने वाली हैं।

यूएस और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर वैश्विक स्तर पर देखने को मिल रहा है, जिसके चलते होर्मुज ब्लॉक है और कच्चे तेल का आयात इससे प्रभावित हो रहा है। दो महीनों से भारत में भी तेल और गैस की किल्लत देखने को मिल रही है। ना केवल किल्लत बल्कि हाल ही में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। साल 2026 की शुरुआत ही मिडिल ईस्ट के तनाव के साथ हुई है। जिसके बाद से ही आम जनता समेत हर शख्स ही इस भय में था कि ये युद्ध इसी तरह जारी रहा तो तमाम देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी गड़बड़ा जाएंगी। ऐसा ही देखने को भी मिल रहा है। 15 मई को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में करीब 3 रुपये का इजाफा हुआ है। जिसमें पेट्रोल की कीमत 3 रुपये 14 पैसे बढ़ी है, तो वहीं डीजल की कीमत 3 रुपये 11 पैसे बढ़ी है। जिसके चार दिन बाद यानी 19 मई को ही एक बार फिर से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में करीब 90 पैसे प्रति लीटर के हिसाब से वृद्धि हुई है। वहीं 15 मार्च 2024 में सरकार की तरफ से पेट्रोल- डीजल की कीमतों में 2 रुपये की कटौती की गई थी।

कच्चे तेल के सामने रुपया हुआ फेल...

डॉलर के मुकाबले रुपया 96.67 पर आया

नई दिल्ली, ईएमएस। रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 24 पैसे गिरकर पहली बार 96.67 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। इससे पहले सोमवार को रुपया 96.29 के स्तर पर बंद हुआ था। पिछले कुछ दिनों से रुपए में लगातार गिरावट जारी है। साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया दबाव में है। पिछले साल दिसंबर 2025 में पहली बार रुपया 90 के स्तर के पार गया था। इससे महंगाई बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं और जियोपॉलिटिकल तनाव कम नहीं हुआ, तो रुपया जल्द ही 100 के स्तर को भी छू सकता है। भारतीय रुपया अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर गिर गया। जिसका सबसे बड़ा कारण कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा और यूएस बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी है।

सड़कों पर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सीजेआई सूर्यकांत की नसीहत

आंदोलन से उनका कॅरियर हो सकता है बर्बाद...



नई दिल्ली, ईएमएस। सीजेआई सूर्यकांत ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर देश के युवाओं को लेकर टिप्पणी की है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कहा कि किसी को भी धमकी नहीं देनी चाहिए और ना ही कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है लेकिन आम लोगों के लिए परेशानी पैदा करना उचित नहीं है। कोर्ट ने यह टिप्पणी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नामकरण से जुड़ी एक याचिका की सुनवाई के दौरान की।एक सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने इस दावे पर प्रतिक्रिया दी कि सड़कों पर प्रदर्शन करने वाले युवाओं के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं और इससे उनका करियर बर्बाद हो सकता है। सीजेआई ने कहा कि उन्हें धमकी नहीं देनी चाहिए और कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा नहीं करनी चाहिए।हर व्यक्ति को शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है, कानून के तहत जो अनुमति है, वह किया जा सकता है। लेकिन सड़कों पर आकर आम लोगों के लिए परेशानी पैदा नहीं करनी चाहिए।

बस्तर से तय हुआ 4 राज्यों का सुरक्षा फॉर्मूला, क्राइम कंट्रोल महिला सुरक्षा, कुपोषण दूर करने का एक्शन प्लान बना, शाह बोले...

सहकारिता से होगा आदिवासियों का विकास

जगदलपुर, ईएमएस। छत्तीसगढ़ के बस्तर में पहली बार मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में जगदलपुर में हुई इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। बैठक में राज्यों के विकास के साथ-साथ गंभीर सामाजिक और सुरक्षा मुद्दों पर कड़े फैसले लिए गए हैं। बैठक में चारों राज्यों में अपराध नियंत्रण, विशेषकर महिलाओं के उत्पीड़न और रेप जैसे मामलों पर जल्द फैसले लेने पर चर्चा की गई। बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, बस्तर में अब भय का माहौल समाप्त हो चुका है। हर जगह उत्साह, विश्वास नजर आ रहा है। हम सबके लिए गर्व का विषय है कि बस्तर अब नक्सल मुक्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि सहकारिता के जरिए आदिवासियों का विकास होगा। उन्होंने कहा, नक्सल उन्मूलन अभियान में ढेर सारी नॉन बीजेपी सरकारों ने हमारा सहयोग किया है, लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस (भूपेश) सरकार ने हमारा सहयोग नहीं किया। प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम एवं गृहमंत्री विजय शर्मा मौजूद थे।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा, नक्सलवाद के कारण पूरा क्षेत्र विकास से कोसों दूर रह गया था। रोजगार की दूर-दूर तक नामोनिशान नहीं था। न गांव में बिजली पहुंची न पानी पहुंचा। अब सारी व्यवस्था सेवा डेरा के माध्यम से पूरे बस्तर में होगी। हमारे जवानों की साहस, बलिदान के कारण बस्तर अब नक्सल मुक्त हो चुका है। अब तेजी से बस्तर का विकास होगा। इसके पहले भी प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में बस्तर के विकास के लिए कई सारे काम कर चुके हैं।

फालता से टीएमसी उम्मीदवार ने नाम वापस लिया

जहांगीर बोले- शुभेंदु ने बेज के लिए दिया है स्पेशल पैकेज

कोलकाता, ईएमएस। पश्चिम बंगाल की फालता विधानसभा सीट पर वोटिंग से दो दिन पहले तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार जहांगीर खान ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। जहांगीर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी घोषणा की।

जहांगीर ने बंगाल के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की तारीफ करते हुए कहा कि मैं फालता का बेटा हूं और चाहता हूं कि यहां शांति बनी रहे और यह तरक्की करे। सीएम शुभेंदु यहां के लिए स्पेशल पैकेज दे रहे हैं, इसीलिए मैं चुनाव से खुद को अलग कर रहा हूं। शुभेंदु अधिकारी ने जहांगीर के फैसले पर कहा कि उनके पास कोई दूसरा ऑप्शन नहीं था।

मिडिल ईस्ट में बनेगा ग्रेटर इजराइल!

3 साल में यहूदी सेना ने कब्जाई मुस्लिम देशों की 1000 किमी जमीन

तेल अवीव, ईएमएस। हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद इजराइल ने अपनी सैन्य नीति पूरी तरह बदल दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अब पहले से ज्यादा आक्रामक तरीके से काम कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले करीब तीन साल में इजराइल ने गाजा, लेबनान और सीरिया में करीब 1,000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है। यह इलाका इजराइल की 1949 की सीमाओं का लगभग 5 प्रतिशत माना जा रहा है। इसी वजह से अब मिडिल ईस्ट में ग्रेटर इजराइल को लेकर चर्चा बढ़ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, कब्जाई गई जमीन का सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिणी लेबनान में है। इजराइली सेना वहां कई किमी अंदर तक पहुंच चुकी है। इजराइल इस इलाके को सिक्योरिटी जोन कह रहा है। उसका कहना है कि इससे हिज्बुल्लाह को सीमा के पास से हमला करने से रोका जा सकेगा।

देश में भीषण गर्मी का कहर...

कई शहरों में तापमान 47 डिग्री के पार, हीटवेव का रेड अलर्ट

नई दिल्ली, ईएमएस। दिल्ली - एनसीआर और उत्तर भारत के कई हिस्सों में मंगलवार को भीषण गर्मी और हीटवेव की स्थिति देखने को मिली। शाम 5:30 बजे तक प्राप्त मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राजधानी दिल्ली के सभी प्रमुख मौसम केंद्रों पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इस तेज गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित किया और लोगों को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा।

दिल्ली में सबसे अधिक तापमान रिज क्षेत्र में 46.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा सफदरजंग और पालम में 45.1 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड में 45.2 डिग्री सेल्सियस और अयानगर में 45.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार यह तापमान सामान्य से 3 से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जो गंभीर हीटवेव की स्थिति को दर्शाता है।

रिज में सबसे ज्यादा 46.5 डिग्री

उत्तर प्रदेश में भी मौसम विभाग ने गंभीर हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 19 मई 2026 को रेड वॉर्निंग जारी करते हुए बताया कि अगले दो दिनों तक कई जिलों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी रह सकती है। 19 मई को आगरा, फिरोजाबाद, महोबा, बांदा और फतेहपुर में हीटवेव की चेतावनी दी गई है।

ट्विशा के पति के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी

भोपाल, ईएमएस। ट्विशा शर्मा की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। हाई प्रोफाइल केस में अब केंद्रीय गृह मंत्रालय भी शामिल हो गया है। दरअसल, ट्विशा के पति समर्थ सिंह जमानत याचिका खारिज होने के बाद से पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।जिसके बाद पुलिस को आशंका है कि वह विदेश भाग गया है। ट्विशा के पति समर्थ सिंह को सुसाइड केस में आरोपी बनाया गया है। उसने अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। डीसीपी जोन 2 ने पिछले दिनों उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित करते हुए लुक आउट नोटिस जारी किया था।

शराब कारोबारी को हनी ट्रैप में फंसा मांगे एक करोड़

इंदौर-भोपाल से दो महिलाओं समेत 5 आरोपी गिरफ्तार, 2019 के हनी ट्रैप केस में सजा काट चुकी श्वेता जैन मामले की मास्टरमाइंड

भोपाल/इंदौर, ईएमएस। इंदौर में एक प्रमुख शराब कारोबारी को हनीट्रैप में फंसाकर करोड़ों रुपए की वसूली करने का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में क्राइम ब्रांच ने तत्परता दिखाते हुए एक महिला शराब तस्कर, उसके बेटे, एक प्रॉपर्टी कारोबारी और पुलिस विभाग के एक हेड कॉन्स्टेबल समेत कई लोगों को हिरासत में लिया है। आरोपियों पर पीड़ित कारोबारी के निजी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलने का आरोप है। इस पूरे घटनाक्रम की मुख्य सूत्रधार वर्ष 2019 के चर्चित हनीट्रैप मामले की मुख्य आरोपी रही श्वेता विजय जैन को बताया जा रहा है, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। फिलहाल पुलिस इस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त (क्राइम) राजेश त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाणगंगा क्षेत्र के निवासी 45 वर्षीय शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह चौहान ने इस संबंध में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

मोहन यादव कैबिनेट बैठक में तबादलों की लिमिट और अवधि पर होगी चर्चा

आज मध्यप्रदेश की तबादला नीति 2026 को मिलेगी मंजूरी

● भोपाल, ईएमएस

मध्य प्रदेश सरकार की वर्ष 2026 की नई तबादला नीति को बुधवार को डॉ. मोहन यादव कैबिनेट मंजूरी देगी। इसका ड्राफ्ट सामान्य प्रशासन विभाग ने तैयार कर लिया है और मुख्यमंत्री सचिवालय को भेज दिया गया है। ड्राफ्ट के प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के बीच चर्चा के बाद इसे कैबिनेट में लाने के लिए प्रस्तावित किया जाएगा। मंत्रियों की सहमति मिलने के बाद इसे स्वीकृति दी जाएगी। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग आदेश जारी करेगा। इस तबादला नीति में स्वैच्छिक और प्रशासनिक तबादलों की लिमिट अलग-अलग रखी जा सकती है।

प्रशासनिक और स्वैच्छिक तबादले अलग

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, अब तक जारी होने वाली तबादला नीति में स्वैच्छिक और प्रशासनिक तबादलों की लिमिट तय रहती थी। कुल कार्यरत कर्मचारियों के 10 से 15 फीसदी तबादलों को ही अनुमति दी जाती थी। इस व्यवस्था में स्वैच्छिक और आपसी (म्युचुअल) तबादले भी इसी कोटे का हिस्सा होते थे। इससे प्रशासनिक आधार पर जरूरी फेरबदल की गुंजाइश कम बचती थी। ऐसे में जहां वास्तव में कर्मचारियों की जरूरत होती थी, वहां ट्रांसफर नहीं हो पाते थे। अब प्रशासनिक तबादले अधिक हो सकेंगे। बुधवार को आने वाली तबादला नीति में स्वैच्छिक और प्रशासनिक तबादलों के लिए अलग-अलग व्यवस्था होने की उम्मीद है।

इससे पहले 11 मई को हुई कैबिनेट बैठक के दौरान मंत्री विजय शाह ने स्वैच्छिक तबादलों की लिमिट न रखने का आग्रह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से किया था। इस पर सीएम ने विचार करने की बात कही थी। साथ ही अगली कैबिनेट बैठक में तबादला नीति का प्रस्ताव रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। पूर्व में कैबिनेट बैठकसोमवार को प्रस्तावित थी, लेकिन मंत्रियों की परफॉर्मेंस रिव्यू मीटिंग और निगम-मंडल अध्यक्ष-उपाध्यक्षों की ट्रेनिंग के चलते बैठक टाल दी गई। मंगलवार को सीएम दिनभर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा ली जाने वाली क्षेत्रीय परिषद की बैठक में व्यस्त रहे। इस कारण मंगलवार को भी कैबिनेट बैठक नहीं हो सकी। अब बुधवार को सुबह 11 बजे से मंत्रालय में कैबिनेट बैठक होगी।

हर बार की तरह स्कूल शिक्षा की पॉलिसी अलग

तबादलों के लिए सभी विभाग ऑनलाइन आवेदन जमा कराएंगे। यह प्रस्ताव भी है कि स्कूल शिक्षा विभाग की तबादला नीति हर साल की तरह इस साल भी अलग रहेगी। इसके अलावा जनजातीय कार्य, राजस्व विभाग और ऊर्जा विभाग ऊँसे कुछ अन्य विभाग भी अपनी अलग ट्रांसफर पॉलिसी जारी कर सकते हैं, लेकिन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी तबादला नीति के मूल तत्वों से अलग कोई विभाग नीति नहीं बना सकेगा। जिलों में प्रभारी मंत्री और कलेक्टर को पवर तबादला नीति के प्रस्तावों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को जिले के भीतर प्रभारी मंत्रियों और कलेक्टरों के जरिए स्थानांतरित किया जाएगा।

जनभावना

संपादकीय

लोकतंत्र में नागरिक कॉकरोच न्यायपालिका ने पहचाना ?

असहमति और दमनकारी कानूनों पर उठते सवाल

देश में पिछले कुछ वर्षों में आंदोलनों, विरोध प्रदर्शनों और असहमति की आवाज़ों को शासन और प्रशासन द्वारा कठोरता के साथ दबाया जा रहा है। आंदोलनकारियों और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस के लाठी डंडे, अश्रु गैस के बाद अब कठोर कानूनी धाराओं का उपयोग शुरू कर दिया गया है। पिछले कुछ वर्षों में एनएसए जैसी राष्ट्र विरोधी कार्यों वाली धाराओं का उपयोग प्रदर्शनकारियों, पत्रकारों, छात्रों, किसानों पर हो रहा है। लोकतंत्र की सेहत नागरिकों के मौलिक अधिकारों एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, मानव अधिकारों का कारण बनती है। इस पर गंभीर बहस खड़ी हो गई है। छात्र, मजदूर, किसान, पत्रकार, राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ता कोई भी जांच एजेंसियों के दमन और कठोर कानूनों की कार्रवाई से अछूता नहीं रहा। सरकारें चाहे केंद्र की हों या राज्यों की, सरकार के विरोध को 'कानून-व्यवस्था' के स्थान पर अब राष्ट्र का विरोध मान लिया गया है।

सरकार के निर्देश पर लंबे समय तक जेल में रखने की नीति जाँच एजेंसियाँ अपना रही हैं। इससे समाज के सभी वर्गों में असंतोष और सरकारों के प्रति गुस्सा बढ़ रहा है। अब यह गुस्सा और अविश्वास कहीं ना कहीं न्यायपालिका पर भी दिखने लगा है। अदालतें सरकार के दबाव में जमानत जैसे मामलों में कई महीने और सालों तक लटकाकर रख रही हैं। सारी विधि व्यवस्था को न्यायपालिका स्वयं नजर अंदाज कर रही है। ऐसी स्थिति में अब न्यायपालिका के ऊपर आम नागरिकों को वह विश्वास नहीं रहा, जो पहले होता था। लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता है। नागरिकों को अपनी बात कहने, सरकार से सवाल पूछने और शांतिपूर्ण विरोध करने के अधिकार से लोकतंत्र मजबूत होता है। सरकारें नागरिकों के प्रति जवाबदेह होती हैं। संविधान ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिकों के विरोध के अधिकार को मौलिक अधिकारों के रूप में मान्यता दी है।

पिछले कुछ वर्षों से आंदोलनकारियों पर गंभीर धाराएं लगाकर साजिश महीनों या वर्षों तक जेल में रखा जा रहा है। बाद में पर्याप्त सबूत न मिलने पर वर्षों बाद आरोपी अदालत से बरी हो जाते हैं। तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है, क्या कानून का उपयोग न्याय के लिए हो रहा है? सरकार से असहमति, आंदोलन, प्रदर्शन और विरोध को नियंत्रित करने के लिए कानूनों का दुरूपयोग किया जा रहा है। हाल के वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं। लंबी हिरासत के बाद अदालतों में आरोपियों पर जो आरोप लगे थे, उससे संबंधित कोई तथ्य ही मुकदमे में नहीं था। अदालत में जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठे। उसके बाद भी इन मामलों में कोई रोक नहीं लगी। ईडी, सीबीआई, पुलिस इत्यादि जांच एजेंसियां गंभीर धाराओं में आरोपियों को बंद करके जाँच एवं पूछताछ के नाम पर कई महीनो तक जेल में बंद रखती हैं। आरोपियों का ट्रायल भी शुरू नहीं करती हैं। जांच भी कई वर्षों तक पूर्ण नहीं होती है। इससे युवाओं, छात्रों और श्रमिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों के बीच यह भावना मजबूत हुई है, कानूनों का दुरूपयोग सत्ता के लिये किया जा रहा है।

न्याय मिलने में देरी भी एक तरह की सजा है। 'तारीख पर तारीख' की व्यवस्था केवल अदालतों की प्रक्रिया नहीं रह गई, बल्कि यह आम नागरिक की पीड़ा, प्रताणना और निराशा का प्रतीक बन चुकी है। पेपर लीक जैसे मामलों ने युवाओं के गुस्से को बढ़ाया है। पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने नीट एवं अन्य परीक्षाओं में जब गड़बड़ी हुई थी, तब ऐसे मामले पर विचार करने से मना कर दिया। जब परीक्षाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं। आंदोलन करने वाले छात्रों पर पुलिस कठोर कार्रवाई करती है। न्यायपालिका से जब न्याय नहीं मिलता है, तब व्यवस्था के प्रति आम नागरिकों का विरोध बढ़ता है। लोकतंत्र में सरकार की जिम्मेदारी केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि जनता का विश्वास, कानून व्यवस्था पर बनाए रखना भी है। नागरिकों के अधिकार और भविष्य को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनाना उनका पालन कराना, बिना किसी भेदभाव के और संवेदनशीलता के साथ नागरिकों के साथ व्यवहार करना होता है। इस पूरे परिदृश्य में न्यायपालिका की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। संविधान ने अदालतों को नागरिकों के मौलिक एवं कानूनी अधिकारों का संरक्षक बनाया है। जब किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता लंबे समय तक दांव पर लगी हो। विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में बंद हो, झूठे आरोप लगाकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा हो।

तब न्यायपालिका से त्वरित, निष्पक्ष और संवेदनशील हस्तक्षेप की अपेक्षा होती है। यदि जांच एजेंसियों की कार्रवाई में त्रुटियां हैं, जांच एजेंसियों ने अपने अधिकारों का उल्लंघन किया है। किसी दबाव में साजिश के साथ जाँच एजेंसी ने अधिकारों का दुरूपयोग किया है। ऐसी स्थिति में न्यायपालिका की जिम्मेदारी है, वह त्वरित कार्यवाही कर न्याय करे। यह सच है, कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार का दायित्व है। हर आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शक्ति और अधिकार के साथ जवाबदेही भी महत्वपूर्ण है। इसलिए आवश्यक है, जांच एजेंसियां जब कठोर कानूनों का उपयोग करें ऐसी स्थिति में न्यायपालिका को स्वमेव स्वतंत्र समीक्षा करनी चाहिए। आरोप के तहत जेल में बंद नागरिकों को भी जीने का अधिकार होता है। जेल में इन्हें विचाराधीन कैदी के रूप में रखा जाता है। गलत कार्यवाही से आरोपी के सम्पूर्ण परिवार को खामियाजा भोगना पड़ता है। युवाओं का तो जीवन शुरू होने के पहिले बर्बाद कर दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट के सबसे उच्च आसन पर बैठे जज द्वारा नागरिकों को कॉकरोच कहकर संबोधित किया जाए। ऐसी स्थिति में संविधान, लोकतंत्र, कानून का राज सब बेमानी है।

सनत जैन

राज काज

क्या होगा पंजाब विधान सभा चुनाव में?

पंजाब में विधानसभा का चुनाव कुछ महीनो के बाद होना है। सीबीआई और ईडी ने छापे डालने शुरू कर दिए हैं। आम आदमी पार्टी के 7 सांसद भाजपा में शामिल हो गए हैं। जिम्मे राघव चड्ढा भी हैं। यह पंजाब में आम आदमी पार्टी के प्रभारी रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने के लिए हर दरवाज़े को खोलकर रखती है। मुख्य मंत्री मान के भाई को भाजपा में प्रवेश मिल गया है। एक खबर यह भी है, मान भी चुनाव के पहले भाजपा में आ सकते हैं। कांग्रेस के तुलीन जाख़ड़ पहले से ही पंजाब भाजपा में विराजमान हैं। सिख नेता स्वनीत सिंह बिट्टू भी भाजपा के खासम खास हैं। राघव चड्ढा भाजपा के गले में हड्डी की तरह फंस गए हैं। भाजपा उनका उपयोग दिल्ली में करे, या पंजाब में? आम जनता और पार्टी में क्या अंतर पड़ेगा। इसको लेकर भाजपा नेताओं के माथे पर बल पड़ना शुरू हो गए हैं। पंजाब में इन नेताओं को ना उगलते बन रहा है, ना निगलते बन रहा है। रही सही कसर महंगाई और बेरोजगारी पूरी कर रही है।

सरकार और जनता, दोनों मुसीबत में

2014 के बाद पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार को भयावह आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। आमी तो बहु कमाई पर ऐश हो रहे थे। अब आप कमाई की बात होने लगी है। पेट्रोल डीजल और पेट्रोलियम में पिछले 12 सालों में सरकार ने जनता से 45 लाख करोड़ रुपए पेट्रोलियम से वसूले हैं। अब इसका हिसाब विपक्षी दल और जनता, भाजपा से मांग रही है। जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। दूध से लेकर हर खाने पीने की चीज़ महंगी है। सरकार कह रही है कि अब तेल खाना भी बंद कर दो। सरकार विदेशी मुद्रा और कर्ज से परेशान है। भाजपा अब सपने भी नहीं दिखा पा रही है। सरकार अब करे, तो क्या करे? यह चर्चा का विषय बन गया है।

मधुमक्खियां, मानव और प्रकृति : साझी जिम्मेदारी

विश्व मधुमक्खी दिवस पर विशेष

तुहीन कुमार महत

प्रतिवर्ष 20 मई को संयुक्त राष्ट्र(यूएन) द्वारा घोषित विश्व मधुमक्खी दिवस (वर्ल्ड बी डे) मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य मधुमक्खियों और अन्य परागणकर्ताओं के महत्व के प्रति आम लोगों को जागरूक करना तथा उनके संरक्षण की दिशा में वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि मधुमक्खियां केवल और केवल शहद बनाने वाली छोटी सी जीव मात्र ही नहीं हैं, बल्कि वे इस पृथ्वी पर जीवन, खाद्य सुरक्षा, जैव- विविधता और पारिस्थितिक संतुलन की अत्यंत महत्वपूर्ण व अहम् कड़ी हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि यदि मधुमक्खियों का अस्तित्व संकट में पड़ता है, तो मानव जीवन, कृषि और पर्यावरण भी गंभीर संकट में आ जाएंगे। इसलिए मधुमक्खियों का संरक्षण केवल और केवल पर्यावरणीय आवश्यकता ही नहीं है, बल्कि उनका जीवन प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप में कहीं न कहीं मानव अस्तित्व की भी अहम् आवश्यकता है। अतः हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने, धरती से रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग को कम करने, जैविक खाद का अधिक उपयोग करने, जैविक खेती अपनाने तथा प्राकृतिक जैव-विविधता को बचाने की दिशा में अपने सामूहिक व यथोष्ट प्रयास करने होंगे।

पाठक जानते होंगे कि खेती, जैव-विविधता और खाद्य सुरक्षा में मधुमक्खियों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वास्तव में, इस दिवस को मनाने के प्रमुख उद्देश्यों में मधुमक्खियों और अन्य परागणकर्ताओं के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जैव-विविधता और खाद्य-सुरक्षा की रक्षा करना, मधुमक्खियों पर मंडरा रहे खतरों जैसे कि खेती में

कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और उनके प्राकृतिक आवासों के विनाश की ओर ध्यान आकर्षित करना, सतत कृषि और मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की आय में मधुमक्खी पालन के योगदान को रेखांकित करना आदि शामिल है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले वर्ष इस दिवस की थीम-प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खियां, हम सभी का पोषण करती हैं रखी गई थी, जबकि इस वर्ष 2026 की थीम-लोगों और पृथ्वी के लिए मधुमक्खियों के साथ मिलकर कार्य करें निर्धारित की गई है।

बहरहाल,यदि हम यहां पर इस दिवस के इतिहास की बात करें, तो इसकी शुरुआत का प्रस्ताव सर्वप्रथम यूरोपीय देश स्लोवेनिया ने रखा था। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2017 में 20 मई को विश्व मधुमक्खी दिवस घोषित किया तथा पहली बार यह दिवस वर्ष 2018 में मनाया गया। 20 मई की तिथि इसलिए चुनी गई, क्योंकि इसी दिन आधुनिक मधुमक्खी पालन के अग्रदूत एंटोन जान्सा का जन्म हुआ था। मधुमक्खियों के महत्व की यदि हम बात करें तो ये नीले ग्रह (पृथ्वी) के पारिस्थितिक संतुलन की प्रमुख आधारशिला मानी जाती हैं। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार लगभग 75 प्रतिशत खाद्य फसलें किसी न किसी रूप में परागणकर्ताओं पर निर्भर हैं, जबकि दुनिया के लगभग 90 प्रतिशत जंगली पुष्पीय पौधों के प्रजनन में परागण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। फल, सब्जियां, तिलहन, मेवे तथा अनेक औषधीय पौधों का उत्पादन मधुमक्खियों के कारण ही संभव हो पाता है। ये जैव-विविधता को बनाए रखने में सहायता करती हैं तथा कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक होती हैं।

यदि मधुमक्खियां न रहें, तो खाद्य-श्रृंखला और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि एक मधुमक्खी अपने पूरे जीवन में लगभग एक चम्मच का बारहवां हिस्सा ही शहद बना पाती है और एक किलोग्राम शहद तैयार करने के लिए मधुमक्खियों को लाखों फूलों से बहुत मेहनत से रस एकत्र करना पड़ता है।इसके अलावा, मधुमक्खियां पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और सूर्य की दिशा के आधार पर अपना रास्ता पहचान सकती हैं। उनका वैगल डांस एक विशेष संचार प्रणाली है, जिसके माध्यम से वे अन्य मधुमक्खियों को भोजन की दिशा और दूरी तक की जानकारी देती हैं। शहद हजारों वर्षों तक भी खराब नहीं होता है; यहां तक कि मिस्र के पिरामिडों में मिला शहद भी खाने योग्य पाया गया था। मधुमक्खी दिखने में भले ही एक छोटा सा जीव/कीट है लेकिन आज मधुमक्खी पालन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्रोत बनता जा रहा है।पृथ्वी पर लगातार बढ़ती आबादी, औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और तीव्र विकास गतिविधियों के कारण ग्रीनहाउस गैसों का दबाव निरंतर बढ़ रहा है।

सुविचार

बुद्धि से विचारकर किए गए कर्म ही सफल होते हैं।

- महाभारत

फल की अभिलाषा छोड़कर कर्म करनेवाला मनुष्य ही मोक्ष प्राप्त करता है।

- गीता

प्रसंगत

वशीकरण मंत्र

एक शिष्य अपने गुरू के पास जाकर विनीत भाव से बोला- गुरूदेव ! आप मुझे ऐसा मंत्र दें ताकि देवता मेरे वश में हो जाएं। गुरु ने कहा-जरूर दे दूंगा, पर पहले यह बताओ कि क्या तुम्हारे घर के नौकर-चाकर वश में है। वह बोला- वे तो सब कामचोर हैं। काम न करने का बहाना ढूंढते रहते है। क्या परिवार वाले तुम्हारे वश में हैं? नहीं, सब स्वार्थी हैं। तुम्हारी पत्नी तो तुम्हारे वश में है? कहां है गुरूदेव ! मैंने अपनी पत्नी से कहा- एक हफ्ते बाद पीहर चली जाना। मगर मेरे मना करने पर भी कल अपनी मां से मिलने चली गई। चलो, सबको जाने दो। मुझे यह बताओ कि तुम्हारा अपना मन तो तुम्हारे वश में होगा ही। नहीं गुरूदेव ! मन वश में कहां है। यह तो बड़ा चंचल है। एक स्थान पर स्थिर होता ही नहीं है। गुरू ने कहा- अरे भाई ! जब परिवार, नोकर, पत्नी तेरे मन भी तेरे वश में नहीं है तो देवता तुम्हारे वश में कैसे होंगे? सबसे पहले तुम अपने मन को वश में करों। मन जिसके वश में हो जाता है, देवता भी उसको नमम करते है।

समुद्र की बेचैनी, बाजार की गर्मी और भारत की ऊर्जा चुनौती

विनोद कुमार सिंह 'तकिया वाला'

पश्चिम एशिया संकट,तेल-गैस की बढ़ती कीमतें, उर्वरक दबाव और भारत की रणनीतिक तैयारी पर केंद्र सरकार की बड़ी तस्वीर विश्व की राजनीति जब युद्ध,तनाव और सामरिक प्रतिस्पर्धा के रास्ते समुद्रों तक पहुँच जाती है,तब उसका असर केवल सीमाओं और कूटनीतिक मंचों तक सीमित नहीं रहता।उसका कोप आम आदमी की रसोई, अन्नदाता किसान के खेत,उद्योगों जगत की मशीनों और देश की अर्थव्यवस्था तक महसूस होता है।आज पूरी दुनिया कुछ ऐसी ही स्थिति का सामना कर रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, समुद्री मार्गों पर मंडराते खतरे और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में जारी अस्थिरता ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को नई चिंता में डाल दिया है।ऐसे में पी आई बी ,भारत सरकार द्वारा आयोजित आज की अंतर-मंत्रालयी प्रेस कॉन्फ्रेंस इसी बढ़ते संकट और उससे निपटने की राष्ट्रीय तैयारी पर केंद्रित रही।पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय,उर्वरक मंत्रालय,नौवहन,वाणिज्य तथा वित्तीय एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि भारत की ऊर्जा आपूर्ति वर्तमान में सुरक्षित है,लेकिन वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव केवल तेल संकट नहीं,बल्कि समुद्री व्यापार,गैस आपूर्ति,उर्वरक उत्पादन, महँगाई और आर्थिक स्थिरता से जुड़ा व्यापक विषय बन चुका है।भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।देश की ऊर्जा आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। यही कारण है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश बन चुका है ,लेकिन विडंबना यह है कि अपनी कुल आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल भारत आयात करता है।यही नहीं, घरेलू एलपीजी की लगभग 60 प्रतिशत जरूरत भी आयात के माध्यम से पूरी होती है।इन आयातों का बड़ा हिस्सा समुद्री मार्गों से होकर भारत पहुँचता है।इसलिए जैसे ही पश्चिम एशिया में संघर्ष या तनाव बढ़ता है,उसका सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगता है।भारत ने समय रहते ऊर्जा सुरक्षा के लिए व्यापक रणनीतिक कदम उठाए हैं।देश के पास वर्तमान में लगभग 60 दिनों का रणनीतिक कच्चा तेल भंडार उपलब्ध है।इसके अतिरिक्त लगभग 45 दिनों का एलपीजी स्टॉक तथा पर्याप्त नेचुरल गैस भंडारण भी मौजूद है।

सरकार ने स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल,डीज़ल,एलपीजी और सीएनजी की कोई कमी नहीं है तथा आपूर्ति श्रृंखला सामान्य रूप से कार्य कर रही है।हालाँकि सरकार की इस आश्वस्ति के बावजूद वैश्विक बाजार की अस्थिरता का असर भारत में दिखाई देने लगा है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय क्रूड बास्केट की कीमत 113 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुँच गई है। कुछ माह पहले तक यही कीमत 65 से 70 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी हुई थी।तेल की कीमतों में इस तेज वृद्धि ने सरकार और आम उपभोक्ता दोनों की चिंता बढ़ा दी है।कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का सबसे सीधा असर पेट्रोल और डीज़ल पर दिखाई देता है।

जरा हटके

दुनिया के लिए बेहद खतरनाक है 13 नवंबर

वॉशिंगटन (ईएमएस)। दुनिया के अंत यानी प्रलय को लेकर इतिहास में कई भविष्यवाणियां की जाती रही हैं। इनमें से ज्यादातर भविष्यवाणियां धार्मिक मान्यताओं, रहस्यमयी कथाओं या अंधविश्वासों से जुड़ी रही हैं, लेकिन करीब 66 साल पहले एक अमेरिकी वैज्ञानिक ने पूरी तरह से गणितीय गणनाओं के आधार पर मानव सभ्यता के अंत की आशंका जताई थी। अमेरिकी भौतिकशास्त्री हेंज वॉन फॉर्स्टर ने अपनी एक पुरानी रिसर्च में दावा किया था कि 13 नवंबर 2026 वह तारीख हो सकती है, जब पृथ्वी पर मानव सभ्यता गंभीर संकट के चरम पर पहुंच जाएगी। उनकी यह ऐतिहासिक स्टडी वर्तमान समय में एक बार फिर वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बन गई है।

हेंज वॉन फॉर्स्टर ने अपनी रिसर्च टीम के साथ मिलकर वैश्विक जनसंख्या वृद्धि का बेहद गहन अध्ययन किया था। उनकी यह विस्तृत रिसर्च वर्ष 1960 में एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विज्ञान जर्नल में प्रकाशित हुई थी। यह अध्ययन किसी काल्पनिक सोच या अंधविश्वास पर आधारित नहीं था, बल्कि पूरी तरह आंकड़ों, जनसंख्या वृद्धि के ऐतिहासिक पैटर्न और जटिल गणितीय समीकरणों पर तैयार किया गया था। वैज्ञानिकों ने अपनी गणनाओं में पाया था कि दुनिया की आबादी सामान्य रफ्तार से नहीं, बल्कि अत्यधिक तीव्र गति से बढ़ रही है। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और खाद्यान्न उत्पादन में हुई अप्रत्याशित वृद्धि के कारण वैश्विक स्तर पर मृत्यु दर तेजी से कम हुई, जिससे जनसंख्या विस्फोट जैसी स्थिति पैदा होने लगी। फॉर्स्टर ने इस जनसंख्या वृद्धि के प्रभावों को समझने के लिए एक विशेष गणितीय मॉडल तैयार किया था। इस मॉडल के आधार पर उन्होंने अनुमान लगाया कि यदि वैश्विक आबादी इसी रफ्तार से लगातार बढ़ती रही, तो एक समय ऐसा आएगा जब पृथ्वी की प्राकृतिक संसाधन क्षमता पूरी तरह जवाब दे देगी। उन्होंने 13 नवंबर 2026 को उस संभावित बिंदु के रूप में चिन्हित किया था, जहां हालात मानव नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं। रिसर्च में साफ चेतावनी दी गई थी कि अत्यधिक जनसंख्या के कारण भोजन, स्वच्छ पानी और रहने की जगह जैसे बुनियादी संसाधनों पर भारी संकट खड़ा हो सकता है। संसाधनों की भारी कमी के कारण विभिन्न देशों और समाजों के बीच आपसी संघर्ष बेहद बढ़ सकते हैं, जिससे युद्ध, अकाल और नई महामारियों जैसी भयावह स्थितियां पैदा होने का सीधा खतरा रहेगा। फॉर्स्टर ने इसी संभावित भयावह स्थिति को डूम्सडे यानी प्रलय का दिन बताया था। हालांकि, वर्तमान समय के आधुनिक वैज्ञानिक इस भविष्यवाणी को पूरी तरह सटीक नहीं मानते हैं। उनका तर्क है कि हाल के वर्षों में दुनिया के कई बड़े देशों में जन्म दर में उल्लेखनीय कमी आई है और तकनीकी प्रगति ने प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के नए रास्ते खोले हैं। इसके बावजूद, यह पुरानी रिसर्च आज भी दुनिया को चेतावनी देती है कि यदि पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग पर गंभीरता से काम नहीं किया गया, तो भविष्य में मानव सभ्यता के सामने बड़ा संकट आ सकता है।

फोटो ऑफ द डे

सेन डियागो में इस्लामिक सेंटर की इमारत के पास हुई गोलीबारी के बाद एक अभिभावक इलाके की घेरा बंदी किये जाने वाले टेप को उठाकर अपने बच्चे को लेकर जाते हुए। -फोटो-ईएमएस

चिंतन-मनन

अकर्मण्य न बनें

एक कहानी है। एक राजा था। उसे मंत्री की नियुक्ति करनी थी। वह नियुक्ति से पूर्व परीक्षा करना चाहता था। पांच-सात व्यक्ति आए। उसने सबको एक कमरे में बिठाकर कहा, आप सब यहां बैठें। मैं कमरे के बाहर ताला लगा देता हूं। जो भी ताले को खोलकर बाहर निकल आएगा, उसे मंत्री बनाऊंगा। सबने सुना-सोचा- कितनी विचित्र परीक्षा। दरवाजा बंद। बाहर से ताला बंद और भीतर वालों से कहे कि बाहर आओ। यह असंभव है। छह व्यक्तियों ने सोचा, राजा पागल हो गया है। यह भी कोई परीक्षा होती है! दूसरे प्रकार से भी परीक्षा ली जा सकती थी। बाहर जाना कैसे संभव हो सकता है। वे हाथ पर हाथ रख बैठे रहे। कुछ पराप्रम नहीं किया। सातवां व्यक्ति अकर्मण्य नहीं था, पुरूषार्थी था। उसने सोचा, जरूर इस शर्त में कोई रहस्य है। राजा सी शर्त क्यों रखता। मुझे अपना पुरूषार्थ करना है। वह उठा। दरवाजे के पास गया। उसे जोर से ढकेला, वह खुल गया। उसने बाहर आकर राजा का अभिवादन किया। दरवाजे पर कोई ताला लगाया ही नहीं था, केवल सबको भुलावे में रखा था। राजा जानना चाहता था कि कौन कर्मण्य है और कौन अकर्मण्य। उन्होंने सोचा, जब बाहर ताला है तब दरवाजा कैसे खुलेगा। इसी भ्रम ने उन्हें अकर्मण्य बना डाला। वे बाजी हार गए। जिसने पुरूषार्थ किया, कर्मण्यता का परिचय दिया, वह जीत गया। वह मंत्री बन गया। साधना का क्षेत्र निर्विघ्न नहीं है। उसमें अनेक भुलावे हैं।

व्यंग

आलोचक की आलोचना

जयवन्द प्रजापति

रामस्नेही एक कवि थे। उदारता से भरी रचनायें लिखते थे। उनकी ख्याति देश के कोने-कोने तक हुई। उनकी एक कविता एक आलोचक के हाथ लग गयी। गुणी आलोचक थे। बड़े-बड़े लेखकों की आलोचना करके बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। कुछ लोगों ने उन्हें आलोचना का महामना कहा। आलोचक महोदय भी प्रसिद्धि की सीमा पार कर चुके थे। आलोचक ने रामस्नेही की कविता की आलोचना लिखी। आलोचना का एक-एक तत्त्व उड़ेल दिया। उनकी आलोचना का जितना गरल था–सब उनकी कविता पर बहा दिया। ईर्ष्या की कुदृष्टि इतनी कूट-कूट कर भरी थी कि कविता की आत्मा तक कराह उठी। जब कविता की आत्मा कराह उठे, कवि अपनी कविता की आलोचना सुनकर कवि की रूह काँपने लगे तो समझो आलोचना ने अपने अंतिम रूप को प्राप्त कर लिया है अर्थात आलोचना पूर्णरूपेण सफल रही।

कवि रामस्नेही अपनी कविता की आलोचना सुनकर चारों खाने चित हो गये। जिह्वा से शुद्ध शब्द नहीं निकल पा रहे थे। उनके आँखों से झर-झर आँसू बह पड़े। इतनी खूबसूरत कविता का ऐसा पोस्टमार्टम आलोचक महोदय ने कर दिया कि कवि महोदय को मुर्छा आ गयी। बिना संजीवनी के कवि की मुर्छा, तारीफ़ करने वाला आलोचक ही ठीक कर सकता है।

कवि बहुत चिंतित हुआ कि आलोचना ठीक से नहीं की गयी। लगता है कि आलोचक जी ने आलोचना के समस्त गुण का ग़लत मरहम लगा दिया जिससे ग़लत प्रतिक्रिया हुई। कवि महोदय ने आलोचक के पास पारितोषिक भेजा और कविता पर फिर आलोचना लिखने का निवेदन किया।

कविता पर फिर से आलोचना लिखी गयी। पारितोषिक पाकर आलोचक जी का हृदय गद्‌गद्‌? हो गया। कविता के समस्त अवगुण, गुण में परिवर्तित हो गए। तारीफ़ों की ऐसी बारिश की गयी कि कवि महोदय ने ऐसा महसूस किया जैसे संगम में डुबकी लगा लिये और इस भवसागर से पार हो गये।

स्वास्थ्य

बच्चों के भोजन में लाए विविधता : विशेषज्ञ

नई दिल्ली (ईएमएस)। कई माता-पिता इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि उनका बच्चा ठीक से भोजन नहीं करता, जिससे उसे जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते। इस बारे में हैल्थ विशेषज्ञों का कहना है कि थोड़े धैर्य और सही तरीके अपनाकर इस समस्या को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। यूनिसेफ के अनुसार छोटे बच्चों की पसंद और स्वाद समय-समय पर बदलते रहते हैं।

यही कारण है कि वे कई बार किसी नए खाने को तुरंत स्वीकार नहीं करते। विशेषज्ञ मानते हैं कि किसी नए खाद्य पदार्थ को पसंद करने में बच्चे को कई बार उसे चखने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में माता-पिता को हार मानने के बजाय बच्चे को थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बार-बार वही चीज देने की कोशिश करनी चाहिए। जिस चीज को बच्चा पसंद नहीं करता, उसे उसकी मनपसंद चीजों के साथ मिलाकर देना भी फायदेमंद हो सकता है। विशेषज्ञ बच्चों के भोजन में विविधता शामिल करने की सलाह देते हैं। बच्चों को रोजाना फल, हरी सब्जियां, अनाज, दालें, दूध से बने उत्पाद, मेवे और बीज जैसी पौष्टिक चीजें खिलानी चाहिए। अलग-अलग रंग, स्वाद और बनावट वाला भोजन बच्चों को आकर्षित करता है। एक ही सब्जी को अलग-अलग तरीके से बनाकर देना भी उपयोगी हो सकता है, जैसे कच्चा सलाद या हल्का पका हुआ रूप। बच्चों को भोजन तैयार करने की प्रक्रिया में शामिल करना भी उनकी रुचि बढ़ाने का अच्छा तरीका माना जाता है।

क्राईम फाईल

»न्यूज ब्रीफ

झगड़ा करते 9 धराए

इंदौर। तेजाजी नगर पुलिस ने संत नगर में झगड़ा करते हुए कैलाश चौधरी, अजय वर्मा, श्याम चौहान, कमलेश पवार, और दिनेश पाल को पकड़ा। इसी प्रकार अन्नपूर्णा पुलिस ने मल्हार नगर में झगड़ा करते हुए चार लोगों को पकड़ा। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कार के कांच फोड़े

इंदौर। फरियादी अभिषेक पिता विजय शंकर पोरवाल निवासी विनय नगर अन्नपूर्णा ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर खड़ी उसकी कार के कांच देर रात अज्ञात बदमाशों ने फोड़ दिए। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

दो नाबालिक लापता

इंदौर। इंदिरा एकता नगर में रहने वाली किशोरी परिजन को बिना बताए घर से कहीं चली गई। इसी प्रकार स्कीम नंबर 78 में रहने वाला 16 वर्षीय पंकज पिता विजय शर्मा परिजन को बिना बताए घर से चला गया। दोनों मामलों में पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

नशा करते पांच बंदी

इंदौर। परदेशीपुरा पुलिस ने गांजा पीते हुए महेश यादव, विजय शिंदे, शैलेंद्र चौहान, राजेश श्रीवास्तव और अशोक वर्मा को पकड़ा। उनके पास से नशे की पुड़िया बरामद की है। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

बहु को दहेज प्रताड़ना

इंदौर। फरियादी नेहा श्रीवास्तव 28 साल निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग की रिपोर्ट पर पति नरेंद्र श्रीवास्तव सास अंजली श्रीवास्तव ससुर अनिल श्रीवास्तव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि उसे मायके से कार लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

गांजा भांग सहित तीन धराए

इंदौर। गांधीनगर पुलिस ने दीपक पिता घनश्याम साहू और गोपाल पिता प्रहलाद पाल को पकड़ा। उनके पास से 530 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसी प्रकार मल्हारगंज पुलिस ने पान की दुकान में भांग बेचते हुए उमेश पिता हेमंत प्रजापत को पकड़ा। उनके पास 2 किलो गीली भांग बरामद की है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया।

लेनदेन में चाकू मारा

इंदौर। स्कीम नंबर 71 में रहने वाले पवन पिता राम नारायण पवार ने पुलिस को बताया कि पैसे के लेनदेन की बात को लेकर सुरेश पिता सुनील ठाकुर ने चाकू मार दिया। और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मनचले को पीटा

इंदौर। नेहरू नगर में रहने वाली किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर रहे विशाल पिता ओमप्रकाश राठौर को क्षेत्र के लोगों ने पकड़ा और जमकर उसकी धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

हथियार सहित चार बंदी

इंदौर। सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने मनोज पिता बाबूलाल रघुवंशी से गुप्ति और विनोद पिता हेमराज मालवी से तलवार बरामद की है। इसी प्रकार एमआईजी पुलिस ने भारत सोलंकी से चाकू एवं धर्मेंद्र जायसवाल से तलवार बरामद की है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

टक्कर से दंपती घायल

इंदौर। बड़ा गणपति चौराहे पर कार की टक्कर से एक्टिवा सवार अभिजीत शर्मा निवासी एरोड्रम और पत्नी बबीता शर्मा घायल हो गई। नवनाग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

बुजुर्ग की लाश मिली

इंदौर। हीरानगर पुलिस ने न्यू गोरी नगर पर सड़क किनारे से अज्ञात बुजुर्ग की लाश बरामद की है। उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नही है। बुजुर्ग क्षेत्र में मांग कर का अपना गुजर बसर करता था। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

मजदूर के साथ मारपीट

इंदौर। फरियादी दिलीप पिता हंसराज निवासी न्यू देवास रोड ने पुलिस को बताया कि ठेकेदार राजेंद्र सिंह ठाकुर से मजदूरी के पैसे लेने गया तो मारपीट की। और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

बाइक चोर धराया

इंदौर। खजराना थाना क्षेत्र में असलम पिता इरफान खान की मोटरसाइकिल चुरा कर ले जाते हुए शब्बीर पिता मुस्ताक खान को लोगों ने पकड़ा। और जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

2645 का जुआ पकड़ा

इंदौर। लसूड़िया पुलिस ने महालक्ष्मी नगर के पास एक मकान में जुआ खेलते हुए छह लोगों को पकड़ा और उनके पास से 2645 नगदी बरामद किए हैं। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी प्रकार जूनी इंदौर पुलिस ने भी जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को पकड़ा।

सवा करोड़ की ड्रग्स के साथ पकड़े गए 5 तस्कर

रेपिडो ड्राइवर और सैलून वाला भी शामिल

इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ के साथ पांच तस्करों को दबोचने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस ने मंगलवार सुबह सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में एक विशेष घेराबंदी अभियान चलाकर इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया।

पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है। इस जब्त की गई ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

हथियार और कारतूस भी बरामद

मादक पदार्थों के अलावा पुलिस ने आरोपियों के पास से एक अवैध देसी कट्टा और जिंदा कारतूस भी जब्त किया है। इस बड़ी बरामदगी के बाद क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस की टीमें इस बात की गहनता से पड़ताल कर रही हैं कि आरोपी इतनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ कहां से लेकर आए थे।

इसके साथ ही पुलिस इस बात का भी पता लगा रही है कि इस खेप को शहर में या उसके बाहर कहां और किसे सप्लाई किया जाना था।

घेराबंदी के दौरान डिवाइडर से टकराई तस्करों की गाड़ी

एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजेश कुमार सिंह ने मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की विशेष टीम ने सुपर कॉरिडोर पर मोर्चा संभाला था। इसी दौरान वहां एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार और दो मोटरसाइकिलें आती हुई दिखाई दीं। पुलिस बल ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने भागने की कोशिश की। इसी आपाधापी में आरोपियों की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराई, जिससे वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

लाखों के वाहन सहित सवा करोड़ से अधिक का माल जब्त

तलाशी अभियान के दौरान क्षतिग्रस्त कार के भीतर से एक किलोग्राम एमडी ड्रग्स, देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस विभाग ने कार्रवाई की सूची तैयार करते हुए बताया कि नशीले पदार्थ, दो मोटरसाइकिलें, एक स्कॉर्पियो कार, अवैध हथियार और कारतूस सहित कुल एक करोड़ इक्कीस लाख बीस हजार रुपए मूल्य की संपत्ति और सामग्री को पूरी तरह से जब्त कर लिया गया है।

सैलून चलाने और खेती की आड़ में नशाखोरी का धंधा

एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने आगे बताया कि सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा ताकि उनसे सख्ती से पूछताछ की जा सके। पुलिस

विभिन्न शहरों के रहने वाले हैं आरोपी

पुलिस ने इस घेराबंदी के दौरान कुल पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए तस्करों में झालावाड़ के रहने वाले नवीन सोलंकी (उम्र पच्चीस वर्ष) और शंकर सिंह (उम्र तेंतीस वर्ष), उज्जैन के निवासी विक्रम सिंह (उम्र इकतीस वर्ष) और नरेंद्र सिंह (उम्र छब्बीस वर्ष) के साथ ही इंदौर के सिलिकॉन सिटी का रहने वाला गोविंद शर्मा (उम्र उनतीस वर्ष) शामिल है।

इस पूरे ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क की बैकट्रेसिंग करने में जुटी है ताकि इस अवैध कारोबार की पूरी चेन को ध्वस्त किया जा सके। इसके अलावा पुलिस रिकॉर्ड खंगालकर आरोपियों के पुराने आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटा रही है।

जांच में यह भी सामने आया है कि इस तस्करी में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो गाड़ी किसकी है और इस अपराध में गाड़ी के मालिक की क्या भूमिका है।

शुरुआती पूछताछ में यह तथ्य भी सामने आया है कि आरोपी नवीन सोलंकी और गोविंद शर्मा सैलून में काम करते हैं और इसके साथ ही रेपिडो बाइक टैक्सी भी चलाते हैं, जबकि गिरोह के बाकी सदस्य मुख्य रूप से खेती किसानी के काम से जुड़े हुए हैं।

इंदौर-शिवपुरी बस अग्निकांड पर बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने जताया दुख

तकनीकी जांच और ड्राईवे सुरक्षा पर उठाए सवाल

इंदौर

मध्यप्रदेश बस ऑपरेटर एसोसिएशन द्वारा आज इंदौर प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता आयोजित कर इंदौर-शिवपुरी मार्ग पर हुई बस अग्निकांड की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की। एसोसिएशन गोविंद शर्मा, नासिर खान, अरुण गुप्ता, बृजमोहन राठी, सुशील अरोरा और हरिप्रकाश दुबे कहा कि दुर्घटनाग्रस्त बस पूरी तरह नई थी और उसके फिटनेस, परमिट, टैक्स समेत सभी वैधानिक दस्तावेज वैध थे। घटना के समय बस मक्सी के पास एक ढाबे पर खड़ी थी और यात्री व स्टाफ भोजन कर रहे थे, तभी अचानक बस में आग लग गई। दुर्भाग्यवश, बस के भीतर सो रहे एक मासूम बच्चे की जानकारी न होने के कारण उसे समय पर बाहर नहीं निकाला जा सका, जिससे उसकी जान चली गई। एसोसिएशन ने मुख्य रूप से दो बड़े मुद्दे उठाते हुए कहा कि घटना स्थल से मात्र 1 किलोमीटर दूर टोल प्लाजा होने के बावजूद समय पर फायर ब्रिगेड या एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सहायता नहीं मिल सकी।

ऑफिस में लगी आग, दमकल कर्मियों ने मशक्कत से बुझाई

इंदौर

आज सुबह प्रेस कांप्लेक्स स्थित एक अखबार भवन के पास ऑफिस में आग लगने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9:15 बजे फायर ब्रिगेड को सूचना मिली थी कि स्वदेश भवन के सामने एक ऑफिस में आग लग गई है। उप निरीक्षक मालवीय के नेतृत्व में दमकल कर्मी पहुंचे और 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मालवीय के मुताबिक आग में फर्नीचर सहित अन्य सामान जलकर राख हो

देर रात तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में हादसा

दो कारों में भिड़ंत, युवक की मौत, तीन घायल

इंदौर। रविवार देर रात तेजाजी नगर थाना अंतर्गत ब्रिज पर दो कारों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रात्रि 1:20 बजे के लगभग की है।

पुलिस के मुताबिक एक कार ब्रिज से नीचे उतर रही थी और एक अन्य कार ब्रिज पर चढ़ रही थी इसी दौरान दोनों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें प्रथम पिता अनिल चौधरी 38 साल निवासी रंगवासा की मौत हो गई। हादसे में कैलाश पिता दिनेश निवासी माली खेड़ी, कृष्ण पिता दीपक 50 साल निवासी सांवेर और युवराज घायल हो गए। जिन्हें बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तेजाजी नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

इसी प्रकार न्यू देवास रोड पर ट्रक की टक्कर से लोडिंग रिक्शा पलटी खा गया जिसमें चालक सुरेश पिता किशन लाल निवासी स्कीम नंबर 78 गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बाइक खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद

युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

इंदौर

एमआईजी थाना अंतर्गत देवनगर में बाइक खड़ी करने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर आरोपी ने चाकू से जान लेवा हमला किया और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अमित बोरासी ने यादव परिवार के घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी थी। यहां पर गौतम यादव जो कूलकर्णी भट्टा का रहने वाला है वह अपनी मां से झगड़ा कर देवनगर में अपने चाचा के घर रहने आ गया था। जब अमित ने यादव परिवार के घर के बाहर भाई खड़ी कर दी तो गौतम ने उसे मना किया इस बात पर उनका विवाद हो गया।

इस पर गौतम ने अमित पर चाकू से जानलेवा हमला किया और फरार हो गया। अमित को उपचार के लिए बड़े अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गौतम यादव के खिलाफ पूर्व में कर प्रकरण दर्ज है। प्लीज आरोपी की तलाश कर रही है। इसी प्रकार तेजपुर गड़बड़ी क्षेत्र में रहने वाले दिलीप पिता रमाशंकर तंवर ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र में रहने वाले कैलाश उर्फ पवन योगी ने पुराने विवाद को लेकर चाकू मार दिया। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

चालक पिकअप छोड़कर भाग गया

पुलिस ने 60 पेटी शराब जप्त की

इंदौर

मानपुर पुलिस ने रविवार रात एक पिकअप गाड़ी से 60 शराब जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक त्रिलोक बरकड़े को रात्रि 10:20 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक पिकअप गाड़ी आईटीआई कॉलेज के सामने से गुजरने वाली है जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखी हुई है। सूचना पर पुलिस तैनात हो गई और जैसे ही पिकअप एमपी 09 डीएफ 4603 गुजरी तो उसे रोकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने गाड़ी तेज गति से भाग ली। पुलिस को पीछे करते देखा ड्राइवर ने गाड़ी रोकी और चाबी निकाल कर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। पुलिस ने गाड़ी में रखी 60 पेटी शराब जप्त की है। उप निरीक्षक बर्थडे के मुताबिक इस मामले में पिकअप के ड्राइवर और मालिक के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

अन्नपूर्णा थाने के उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार के मुताबिक शुभम पिता राकेश कदम 28 साल निवासी गायत्री नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैग की तलाशी ले तो उसमें रखी अंग्रेजी शराब की पांच से अधिक बोतल और एक देसी पिस्टल बरामद की है।

रैपीडो चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

इंदौर। शहर में आत्महत्या की घटनाएं नहीं थम रही है। आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम नितेश पिता राजेश कुमार 30 साल है। परिजनों ने बताया कि नितेश दावा बाजार में नौकरी करता था और रात में रैपीडो चलता था। परिजन के मुताबिक उसे किसी बात का कोई तनाव नहीं था। उसके द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम से परिजन भी हैरान है। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में कोई सुसाइड पत्र नहीं मिला है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

इसी प्रकार कंचनबाई पति बंशीलाल 45 साल निवासी आवास कॉलोनी बेटमा की बड़े अस्पताल में जहर खाने से मौत हो गई। परिजन ने बताया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। इसी के चलते हैं उसने जहर खा लिया था। बेटमा पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। वही बड़ी ग्वालटोली क्षेत्र में रहने वाले सुरेश पिता कन्हैया लाल वर्मा 50 साल ने पारिवारिक विवाद के चलते हैं जहर खा लिया जिसे बड़े अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोबाइल हैक युवक के खाते से ठग ने रुपए निकाले

इंदौर

गांधीनगर थाना क्षेत्र में युवक के साथ धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अमित पिता मनोहर निवासी इमली बाजार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 23 अप्रैल 26 को मेरा मोबाइल फोन हैक हो गया था और 2 से 3 मिनट के लिए मेरे मोबाइल फोन की स्क्रीन भी बंद हो गई थी।

फरियादी अमित ने 24 अप्रैल सुबह 7 बजे अपने खाते का बैलेंस चेक किया तो पता चला कि उसके खाते से अज्ञात आरोपी ने 9 8000 रुपए निकाल लिए हैं। गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

दोस्त निकला दगाबाज

मनोरमागंज में रहने वाले योगेश पिता चंद्रकांत खंडेलवाल की रिपोर्ट पर अरविंद पिता चंद्र किशोर शर्मा के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज किया है। फरियादी के मुताबिक आरोपी उसका दोस्त है और शेयर बाजार में निवेश करने पर 5 गुना प्रॉफिट दिलाने का झांसा देकर चार लाख रुपए हड़प लिए।

आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खाते दो गिरफ्तार

2130 रुपए नगदी बरामद किए

इंदौर

द्वारकापुरी पुलिस ने रविवार रात आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा खाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइज हैदराबाद के बीच चल रहे क्रिकेट मैच का सट्टा खाते हुए जितेश निवासी गुमास्ता नगर और गोविंदा निवासी शैलपुत्री हेरिटेज गुमास्ता नगर को फूटी कोठी तालाब के सामने एक ढाबे के पास से पड़ा है।

दोनों आरोपियों ने बताया कि वह आईपीएल क्रिकेट मैच का मोबाइल फोन पर सट्टा का रहे थे। इनके पास से चार मोबाइल फोन और 2130 रुपए नगदी बरामद किए हैं। दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

जनता की चौखट पर पहुंची इंदौर पुलिस

जोन-2 में 'शिकायत निराकरण शिविर' से दूर हुईं जनसमस्याएं

इंदौर

नगरीय इंदौर में आमजन की समस्याओं के त्वरित और संवेदनशील निराकरण के लिए पुलिस प्रशासन अब सीधे जनता के बीच पहुंच रहा है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को जोन-2 क्षेत्र के अंतर्गत एक विशेष 'शिकायत निराकरण शिविर' का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को न केवल गंभीरता से सुना गया, बल्कि उनके त्वरित निराकरण के रास्ते भी निकाले गए।

यह आयोजन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मयंक अवस्थी, पुलिस उपायुक्त (जोन-2) अमन सिंह राठौड़, एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्र सिंह

के सीधे दिशा-निर्देशन में हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य थानों के चक्कर काट रहे आवेदकों की समस्याओं का पारदर्शी और निष्पक्ष समाधान करना था।

मौके पर ही दिए निर्देश, कप्तानों को सौंपी जिम्मेदारी

शिविर के दौरान प्राप्त हुए विभिन्न आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने संबंधित थाना प्रभारियों को जांच के सख्त निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पीड़ित पक्ष को न्याय मिलने में देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही शिविर में आए आम नागरिकों को पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी सेवाओं, हेल्पलाइन नंबरों और डिजिटल सुरक्षा के बारे में भी जागरूक किया गया।

कम्युनिटी पुलिसिंग पर जोर, नागरिकों ने सराहा

इस जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद, आपसी विश्वास और समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया।

शिविर में पहुंचे नागरिकों ने पुलिस की इस संवेदनशील कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की। लोगों का कहना था कि ऐसे आयोजनों से आम जनता का पुलिस पर भरोसा और मजबूत होता है।

पुलिस प्रशासन के अनुसार, भविष्य में भी आमजन की सहूलियत और बेहतर जनसंपर्क के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन लगातार जारी रहेगा।

सड़क हादसों में महिला और युवक की मौत

इंदौर

देहात थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थान पर सड़क हादसों में महिला और युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पवन पिता गंगाराम 28 साल निवासी चंद्रावतीगंज अपनी मां राम कुंवर को मोटरसाइकिल पर बैठ कर ले जा रहा था तभी देपालपुर केसर रोड पर तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों सड़क पर गिर गए। इन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया जहां राम कुंवर बाई को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। देपालपुर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दूसरी घटना मानपुर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस के मुताबिक टैंकर के चालक में तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए रविवार शाम को ए बी रोड स्थित भगवती ढाबे के सामने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें सवार कृष्णा नामक व्यक्ति की मौत हो गई। फरियागी आकाश पिता पप्पू बगड़ावत 24 साल निवासी पीथमपुर की रिपोर्ट पर टैंकर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। वही किशनगंज थाना अंतर्गत फोरलेन रोड पर आज सुबह ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सुमित पिता बंसीलाल कलोता और जितेंद्र पिता कृष्ण कुमार धाकड़ घायल हो गए।

नर्मदा में दूध अर्पण पर एनजीटी सख्त, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मांगी वैज्ञानिक रिपोर्ट

भोपाल । नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने नर्मदा नदी में 11 हजार लीटर दूध अर्पण और 210 साड़ियों के विसर्जन के मामले में केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से वैज्ञानिक रिपोर्ट तलब की है। यह मामला अप्रैल महीने में भैरूंदा और सतदेव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम से जुड़ा है। मामले की सुनवाई एनजीटी की नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भोपाल सेंट्रल जोन बेंच में जस्टिस श्योकुमार सिंह और सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने की।

याचिका में कहा गया कि सीहोर जिले की नसरुल्लागंज तहसील के ग्राम सतदेव और भैरूंदा क्षेत्र में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दौरान नर्मदा नदी में करीब 11 हजार लीटर दूध प्रवाहित किया गया, साथ ही 210 साड़ियों का विसर्जन भी किया गया। याचिकाकर्ता ने इसे पर्यावरण और नदी की पारिस्थितिकी के लिए गंभीर खतरा बताते हुए जल प्रदूषण, जलीय जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव और पेयजल व सिंचाई स्रोतों के दूषित होने की आशंका जताई।

सुनवाई के दौरान एनजीटी ने कहा कि दूध विसर्जन से जल प्रदूषण होने संबंधी कोई वैज्ञानिक डेटा अभी तक रिकॉर्ड पर प्रस्तुत नहीं किया गया है। हालांकि अधिकरण ने यह भी स्पष्ट किया कि जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 24 के तहत किसी भी प्रदूषक पदार्थ को जलधाराओं में प्रवाहित करना प्रतिबंधित है।

आदेश में कहा गया कि दूध जैसे कार्बनिक पदार्थ पानी में जैविक ऑक्सीजन मांग बढ़ा सकते हैं, जिससे जलीय जीवन प्रभावित होने की आशंका रहती है। पीठ ने यह भी माना कि धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान नदियों में दूध प्रवाहित करने की परंपरा अब सार्वजनिक और पर्यावरणीय बहस का विषय बन चुकी है।

एनजीटी ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए हैं कि विशेषज्ञों से वैज्ञानिक अध्ययन कराकर विस्तृत रिपोर्ट पेश की जाए। रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया जाए कि क्या इस तरह की गतिविधियां किसी मौजूदा दिशा-निर्देश के तहत नियंत्रित हैं, यदि नहीं तो क्या इनके लिए नए दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए। साथ ही यह भी बताया जाए कि धार्मिक अवसरों पर नदी में दूध प्रवाहित करने से जल प्रदूषण की स्थिति कितनी गंभीर होती है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। तब तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को अपनी रिपोर्ट न्यायाधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी।

शहर में 3 हजार दुकानों पर असर

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में आज बंद रहेंगे मेडिकल स्टोर

भोपाल । मध्य प्रदेश में 20 मई को दवा दुकानों की हड़ताल रहेगी। राजधानी भोपाल में करीब 3 हजार से अधिक मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ने ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में यह बंद बुलाया है।

भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि जिले के सभी थोक और रिटेल दवा व्यवसायी इस बंद का समर्थन करेंगे। उनका कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री केवल व्यापार का नहीं, बल्कि आम लोगों की सेहत और सुरक्षा का मुद्दा है। बिना पर्याप्त निगरानी के घर-घर पहुंच रही दवाओं की गुणवत्ता और प्रामाणिकता को लेकर गंभीर चिंताएं हैं।

एसोसिएशन के अनुसार ऑनलाइन दवा कारोबार की आड़ में नकली, एक्सपायरी और गलत दवाओं के वितरण का खतरा बढ़ रहा है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है। इसी के विरोध में एक दिन का पूर्ण बंद रखा गया है।

हालांकि अस्पताल परिसरों के भीतर संचालित मेडिकल स्टोर्स को बंद से मुक्त रखा गया है, ताकि भर्ती मरीजों और इमरजेंसी जरूरतों पर असर न पड़े। एसोसिएशन ने नागरिकों से अपील की है कि वे 20 मई से पहले अपनी नियमित उपयोग की दवाएं खरीदकर रख लें।

विशेष रूप से हृदय रोग, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। जिन घरों में बुजुर्ग या नियमित दवा लेने वाले मरीज हैं, वे आवश्यक दवाओं की व्यवस्था पहले ही कर लें, ताकि बंद के दौरान किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

प्रदेश से 10 हजार आदिवासी 24 मई को दिल्ली रवाना

जनजातीय समागम में अमित शाह होंगे शामिल

भोपाल । 24 मई को दिल्ली के लाल किला मैदान में आयोजित होने वाले जनजातीय सांस्कृतिक समागम में मध्य प्रदेश से 10 हजार से अधिक आदिवासी शामिल होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। समागम का आयोजन जनजातीय सुरक्षा मंच द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत करेंगे।

मध्य प्रदेश के महाकौशल, मालवा और निमाड़ अंचल से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों को दिल्ली ले जाने के लिए ट्रेनों में आरक्षण कराया गया है। प्रतिभागी पारंपरिक वेशभूषा और वाद्ययंत्रों के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। समागम में डी-लिस्टिंग का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। जनजातीय सुरक्षा मंच की मांग है कि धर्मांतरण के बाद भी अनुसूचित जनजाति आरक्षण का लाभ लेने वालों को सूची से बाहर किया जाए। संगठन का कहना है कि इससे आरक्षण और पहचान दोनों प्रभावित हो रहे हैं। कार्यक्रम से पहले दिल्ली में पांच अलग-अलग मार्गों से शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। इनमें देशभर की जनजातीय संस्कृतियों की झलक दिखाई देगी।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में महापौर का रात्रि निरीक्षण, ई-रिक्शा से पहुंचीं न्यू मार्केट

भोपाल : स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2026 के तहत रविवार रात मालती राय ने नगर निगम के विभिन्न जोनों का रात्रिकालीन निरीक्षण किया। इस दौरान शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। न्यू मार्केट क्षेत्र के निरीक्षण में एमआईसी सदस्य आरती अनेजा, एएचओ नीतीश मिश्रा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

पर्यावरण संरक्षण और डीजल मुक्ति का संदेश देते हुए महापौर मालती राय ई-रिक्शा से न्यू मार्केट पहुंचीं। उन्होंने लोगों से डीजल वाहनों का उपयोग कम करने और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की अपील की। यह पहल प्रधानमंत्री Narendra Modi के पर्यावरण संरक्षण संदेश से प्रेरित बताई गई।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने खुद झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं रात में ड्यूटी कर रहे सफाई मित्रों का उत्साह बढ़ाने के लिए महापौर, एमआईसी सदस्य आरती अनेजा और एएचओ नीतीश मिश्रा ने उन्हें अपने हाथों से नींबू पानी पिलाया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों से सीधे संवाद कर कई निर्देश भी दिए गए। निगम अधिकारियों ने कहा कि सभी दुकानदारों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखना होगा। दुकानों के बाहर डस्टबिन रखना अनिवार्य होगा, ताकि सड़क पर कचरा न फैले। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने के निर्देश भी दिए गए।

महापौर मालती राय और निगम अधिकारियों ने कहा कि भोपाल को स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर-वन बनाना प्राथमिकता है। न्यू मार्केट के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने भी अभियान में सहयोग का भरोसा दिलाया।

डिजिटल संचार को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम

भेल भोपाल में अत्याधुनिक वीसी प्रणालियों का उद्घाटन

भोपाल। भेल भोपाल में कार्यपालक निदेशक पी.के. उपाध्याय ने महाप्रबंधकों और विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में अत्याधुनिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) प्रणालियों का उद्घाटन किया। कॉर्पोरेट दर अनुबंध के तहत भेल की विभिन्न इकाइयों, क्षेत्रों और परियोजना स्थलों पर कुल 174 वीसी कक्ष स्थापित किए गए हैं।

भेल भोपाल में 7 उन्नत वीसी सिस्टम शुरू किए गए हैं, जिनमें 5 अपग्रेडेड और 2 नई उच्च क्षमता वाली सुविधाएं शामिल हैं। डीटीजी विभाग ने इस परियोजना का संचालन करते हुए आवश्यकताओं के एकीकरण से लेकर जीईएम के माध्यम से निविदा प्रक्रिया और कार्यान्वयन तक की जिम्मेदारी निभाई। नई क्लाउड-आधारित वीसी प्रणालियां जूम, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स और सिस्को वेबेक्स जैसे प्लेटफॉर्म के साथ अनुकूल हैं तथा अतिरिक्त हार्डवेयर की आवश्यकता समाप्त करती हैं। भेल प्रबंधन के अनुसार यह पहल डिजिटल संचार और संस्थान की डिजिटल परिवर्तन प्रक्रिया को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

बच्चों की लड़ाई में खजराना में चली गोली, पुलिस ने दो को हिरासत में लिया

इंदौर।

खजराना थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां सोमवार रात को बच्चों के बीच हुए एक मामूली विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप धारण कर लिया। बच्चों की लड़ाई में दोनों पक्षों के बड़े लोग भी आमने-सामने आ गए और उनके बीच जमकर मारपीट हुई। विवाद इस हद तक बढ़ गया कि एक पक्ष के युवक ने तैश में आकर दूसरे पक्ष पर सीधे गोली चला दी। गोलीबारी की इस घटना में एक युवक के पैर में गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। घायल युवक को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

देसी कट्टे से फायरिंग- बढ़ते विवाद के दौरान एक पक्ष के इरशाद नामक युवक ने अपना आपा खो दिया और वह घर के अंदर से एक देसी कट्टा निकाल लाया। उसने सामने वाले पक्ष को डराने के उद्देश्य से हथियार लहराया और फिर सीधे वसीम नामक युवक पर फायर कर दिया। गोली सीधे वसीम के पैर में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं जमीन पर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर चीख-पुकार मच गई और हमलावर वहां से भागने का प्रयास करने लगे। पीड़ित वसीम की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और मुख्य आरोपी इरशाद के साथ-साथ उसके साथी साहिल को भी गिरफ्तार कर लिया है।

अशरफी नगर में बड़ों के बीच बढ़ा विवाद

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह पूरा मामला खजराना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अशरफी नगर इलाके का है। यहीं सोमवार की रात को पड़ोस में रहने वाले बच्चों के बीच किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी और विवाद हो गया था। बच्चों के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनकर दोनों परिवारों के बड़े सदस्य भी वहां जमा हो गए। शुरुआत में उनके बीच केवल जुबानी जंग और गाली-गलौज हो रही थी, लेकिन कुछ ही देर में बात इतनी ज्यादा बिगड़ गई कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे और विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया।

बिजली उपभोक्ताओं से ऊर्जा मंत्री ने की सीधे बात

विद्युत आपूर्ति में लापरवाही पर दो इंजीनियरों को नोटिस

इंदौर। ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद सिंह तोमर ने सोमवार रात इंदौर शहर के बिजली सब स्टेशनों का दौरा किया। उन्होंने उपभोक्ताओं से सीधे बात की, बिजली आपूर्ति के संबंध में प्रथम दृष्टया स्थानीय इंजीनियरों की लापरवाही पाए जाने पर 2 के खिलाफ नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री सिंह ने इंदौर के ओल्ड पलासिया पहुंचकर बिजली उपभोक्ताओं से संवाद किया। कुछ उपभोक्ताओं ने बार-बार बिजली जाने की शिकायत की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने मुख्य अभियंता आरसी जैन को ओल्ड पलासिया, मनोरमागंज क्षेत्र के बिजली इंजीनियरों सत्यप्रकाश जायसवाल और कमलेश टाले को नोटिस देने के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने निर्देश दिए है कि मेंटेनेंस गुणवत्ता से हो ताकि बिजली बार-बार न जाए, मेंटेनेंस की सूचना स्थानीय रहवासियों को दी जाए। बिजली आपूर्ति के संबंध में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर 2 इंजीनियरों को मंगलवार दोपहर नोटिस जारी कर दिए गए। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर वेतनवृद्धि रोकने की कार्रवाई भी की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता आदि अधिकारी मौजूद थे।

गर्मी को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में लगायी गई मिस्ट चेयर और कूलर, इससे नागरिकों को गर्मी से मिलेगी राहत।

कलेक्टर के निर्देश पर बसों पर बड़ी कार्रवाई

आठ बसों से वसूला 2.26 लाख जुर्माना

2 बसों के फिटनेस किए निरस्त

इंदौर।

कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ और जिला प्रशासन की टीम द्वारा मंगलवार को इंदौर में बसों की सघन जांच की गई। बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम ,आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था आदि की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान आठ बसों से 2 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया और दो बसों के फिटनेस निरस्त किये गये। मंगलवार को स्टार चौराहे पर आरटीओ और जिला प्रशासन की टीम द्वारा अनफिट और बिना परमिट की बसों पर संयुक्त कार्रवाई की गई। लोक परिवहन वाहनों खासकर आल इंडिया टूरिस्ट बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच की गई। बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने, ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट लेकर स्टेज कैरिज के रूप में बसों का संचालन करने एवं परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर 08 बसों पर कार्यवाही करते हुए 2 लाख 26 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। जिन बसों में इमरजेंसी एग्जिट बंद पाया गया, फायर एक्सटिंग्विशर खराब स्थिति में पाए गए, ऐसी बसों के फिटनेस निरस्त किए गए और दस्तावेज पूरे नहीं होने पर जुर्माना लगाया गया।

इस संयुक्त कार्यवाही में आरटीओ प्रदीप शर्मा, जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम घनश्याम धनगर, एआरटीओ राजेश गुप्ता एवं उड़नदस्ता टीम प्रभारी आकाश सिठोले उपस्थित रहे। जिस प्रकार फ्लाइट में यात्रियों को आपातकाल स्थिति में च्यवन करें, क्या न करें की जानकारी दी जाती है उसी प्रकार बसों में भी सवारियों को जानकारी दी जाए। इमरजेंसी एग्जिट, कांच तोड़ने हेतु रखे गये हैमर और इसके उपयोग आदि की जानकारी दी जाये।

घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोग अभियान के तहत

ग्रामीणों को किया जा रहा योग के प्रति जागरूक

इंदौर।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) सेमलिया चाऊ द्वारा सेमलिया चाऊ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विगत 11 मई से च्यर-घर योग-हर व्यक्ति निरोगञ्च योग जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) सेमलिया चाऊ की टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों एवं ग्रामीण चौपालों पर योग संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रमों में ग्रामीणों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है साथ ही नियमित योग अभ्यास भी कराया जा रहा है। इस अवसर पर ग्रामीणों को विभिन्न रोगों को दूर करने वाले योग से होने वाले लाभ और उपयुक्त योगासन की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों ने नियमित योगाभ्यास से स्वास्थ्य में आए सकारात्मक परिवर्तनों को साझा कर अन्य लोगों को योग अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान आयुष चिकित्सक डॉ. मनीष पटेल, सीएएमओ डॉ. रीना प्रजापत, योग प्रशिक्षक सु गीतांजलि निकम, लाखन चौधरी तथा मती दवासाज जूर बाई उपस्थित रहे। सभी ने ग्रामीणों के साथ योग अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

फर्शी मारकर युवक की हत्या

बालगढ़ चौराहे पर मिला शव, आरोपी गिरफ्तार

देवास।

मंगलवार सुबह बालगढ़ चौराहे पर पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। आरोपी ने फरसी (धारदार हथियार) से हमला कर इस वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 4:45 बजे बालगढ़ क्षेत्र में एक पान की गुमटी के पीछे खून से लथपथ शव पड़े होने की सूचना मिली थी।

मृतक की पहचान मुकेश के रूप में हुई है, जो शहर की ही एक कंपनी में कार्यरत था। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर वहां से वारदात में इस्तेमाल की गई खून से सनी फरसी भी बरामद कर ली है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक मुकेश और आरोपी भावेश चौधरी के बीच पुरानी रंजिश थी और दोनों एक ही गली में रहते थे।

मंगलवार तड़के करीब 4 बजे किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया, जिसके बाद तैश में आकर भावेश ने फरसी से मुकेश पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि हत्या के इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी भावेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

जनसुनवाई में 145 आवेदन पर हुई सुनवाई

रतलाम। कलेक्टर कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कक्ष में सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने अधिक समय से लंबित आवेदनों पर सुनवाई की एवं कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदकों को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 145 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदक हीरालाल पिता गणपत निवासी ग्राम बडौदा ने बताया कि उनकी भूमि के सीमांकन हेतु लगातार 2 वर्षों से संबंधित कार्यालय में आवेदन देने के पश्चात भी आज दिनांक तक भूमि का सीमांकन नहीं हो पाया है। कार्यवाही हेतु तहसीलदार नामली को निर्देशित किया। आवेदक भागीरथ पिता हिरालाल निवासी ग्राम धराड ने बताया कि उन्हें लीवर संबंधित बीमारी है सारी कमाई खर्च हो जाती है।

घटना स्थल और जयदेव वेयर हाउस कलमा का किया निरीक्षण

देवास।

जिले के टोंककला स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुई विस्फोट की घटना की जांच के लिए राज्य शासन द्वारा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सुभाष काकड़े की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सुभाष काकड़े ने टोंककला में घटना स्थल और जयदेव वेयर हाउस कलमा का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद ने घटना के संबंध में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री शोभराम सोलंकी, एसडीएम टोंककुर्द सुश्री ऋतु चौरसिया, टोंककुर्द थाना प्रभारी परिवीक्षाधीन आईपीएस श्री आलोक कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनी है कि न्यायिक जांच आयोग द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच, दुर्घटना के संबंध में लापरवाही का परीक्षण तथा उत्तरदायित्व का निर्धारण, दुर्घटना के दौरान एवं दुर्घटना के उपरान्त, अग्निशमन, बचाव, चिकित्सा सहायता एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता का परीक्षण, फैक्ट्री में विस्फोटक सामग्री के निर्माण, भंडारण एवं उपयोग संबंधी निर्धारित मानकों, लाइसेंस शर्तों एवं वैधानिक प्रावधानों के पालन की स्थिति, विस्फोटक अधिनियम, फैक्ट्री अधिनियम, श्रम सुरक्षा नियमों, अन्य संबंधित कानूनों के उल्लंघन का परीक्षण। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सुरक्षा उपायों, निरीक्षण प्रणाली, आपदा प्रबंधन एवं नियामक व्यवस्था में सुधार संबंधी अनुशंसाएँ दी जायेगी। आयोग एक माह के भीतर अपनी जांच पूरी करेगा और रिपोर्ट राज्य शासन को प्रस्तुत करेगा।

तकनीकी आधारित जनजाति विकास की अवधारणा पर कार्यशाला का शुभारंभ

मंदसौर। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समाज की पीड़ा को समझा और विकास प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियां बनायी हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं धरती आबा ग्राम उत्कर्ष जैसी पहल से जनजातीय समाज के उत्थान के लिए ठोस कार्य हो रहे हैं। वे मंगलवार को भोपाल के आदि भवन में जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत तकनीकी आधारित सतत् जनजाति विकास अवधारणा पर आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में प्रमुख सचिव श्री गुलशन बामरा, आयुक्त डॉ. सतेंद्र सिंह सहित प्रदेश से आए विभाग के मैदानी अधिकारी उपस्थित थे। भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

सीएम राइज बागली में भुगतान विवाद प्रभारी प्राचार्य पर हटाने की मांग

देवास।

जिले के बागली स्थित सीएम राइज सांदीपनि स्कूल एक बार फिर विवादों में घिर गया है। उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के अधिवक्ता शुभम भारती ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में विस्तृत शिकायत सौंपते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रकाश डाबी सूचना के अधिकार के तहत रिकॉर्ड प्राप्त कर प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितताओं के सही आरोप लगाए हैं। शिकायत में उन्हें तत्काल पद से हटाकर किसी वरिष्ठ शिक्षक को प्रभार सौंपने की मांग की है। शिकायत के अनुसार प्रभारी प्राचार्य प्रकाश डाबी ने नियमों के विपरीत

सांदीपनि स्कूल बागली का अतिरिक्त प्रभार प्राप्त किया। 57 वर्ष की उम्र के शिक्षक को प्रभार नहीं दिया जा सकता है। प्रकाश भाभी के अंदर 60 वर्ष हो चुकी है फिर भी इन्हें नियम। विरुद्ध प्रभार दिया है। सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त उपस्थिति रजिस्टर की प्रमाणित प्रति के आधार पर।

आरोप है कि वे जुलाई 2025 से अक्टूबर 2025 तक बिना सक्षम अनुमति के शासकीय हाई स्कूल कामट खेड़ा में उपस्थित रहे और मोबाइल व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सांदीपनि स्कूल का संचालन करते रहे। इस दौरान अनुपस्थिति के बावजूद वेतन निकालने का भी आरोप लगाया गया है।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि संस्था में कार्यरत दो अतिथि शिक्षिकाओं को दिसंबर 2024 में कार्यमुक्त किए जाने के बाद भी दो माह की संस्था में अनुपस्थित का भुगतान किया है और स्वयं नहीं कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर उल्लेख किया है कि चेक के माध्यम से आप दोनों को।

प्रशासन गांव की चौखट पर' कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

नीमच।

प्रशासन गांव की चौखट पर की संकल्पना को साकार करते हुए कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने रविवार को जिलाधिकारियों के साथ तहसील जीरन के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम दलपतपुरा में रात्रि चौपाल आयोजित की।

कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ एक ही जाजम पर बैठकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

स्वरोजगार को बढ़ावा- भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत 11 हितग्राहियों के प्रकरण तैयार किए गए। पैर से दिव्यांग युवक पवन को इसी योजना में ऋण सहायता एवं आवश्यकता पड़ने पर रेड क्रॉस

तीन दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

श्रीराम 11 विजेता, उपविजेता धारनाथ 11 रही

देवास।

गवली यादव समाज की तीन दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता पुलिस लाईन मैदान देवास में संपन्न हुई। 15 से 17 मई तक इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहां पर सुबह से लेकर शाम तक 8-8 ओवर के मैच आयोजित किए गए। इस प्रतियोगिता में कुल 30 टीमों ने हिस्सा लिया। देवास सहित मप्र के कई जिलो के साथ, राजस्थान से भी टीमों ने हिस्सा लिया। रसिया ग्रुप के तत्वाधान में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें टीमों की खाने, ठहरने की व्यवस्था भी की गई। प्रतियोगिता में कई रोमांचक मैच देखने को मिले। 30 टीमों में फाइनल पहुंचने में 4 मैच में जीत हासिल करनी पडी। फाइनल मैच में श्रीराम 11 देवास ने धारनाथ 11 धार पर एकतरफा जीत हासिल की। विजेता को 31000 रूपए की राशि एवं उपविजेता को 21000 की नगद राशि दी गई। प्रतियोगिता में प्रथम इनाम ओम सांई टेलिकॉम के प्रदीप यादव, बिट्टू यादव एवं द्वितीय इनाम पूर्व पार्षद अर्जुन यादव, पार्षद रामदयाल यादव, महेश यादव द्वारा दिया गया। वहीं दोनो ट्रॉफी मिताली इंटरप्राईजेस की ओर से रही।

मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न

शाजापुर। मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आज संपन्न हुई जनसुनवाई में 119 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

एलपीजी सिलेंडर के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

देवास।

सभी एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण (ई-केवाईसी) कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। जिन उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन लेने के बाद अब तक अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण नहीं की है, उनकी बाजार सब्सिडी एवं लक्षित सब्सिडी 30 जून 2026 तक स्थगित अथवा रोक दी जाएगी। एचपी गैस एजेंसी संचालक मनीष सोलंकी ने बताया कि विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार यदि संबंधित उपभोक्ता 30 जून 2026 या उससे पहले अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर लेते हैं, तो 30 जून 2026 तक लिए गए सभी रिफिलों पर रोकी गई पात्र सब्सिडी उनके बैंक खाते में जारी कर दी

जाएगी। वहीं, निर्धारित समय सीमा तक ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं की 30 जून 2026 तक की सब्सिडी समाप्त मानी जाएगी। ऐसे उपभोक्ताओं को 1 जुलाई 2026 से गैर-सब्सिडी वाले एलपीजी रिफिल ही उपलब्ध कराए जाएंगे। विभाग ने सभी एलपीजी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण (ई-केवाईसी) अनिवार्य रूप से पूरा कर लें, ताकि उन्हें एलपीजी सब्सिडी का लाभ बिना किसी रुकावट के मिलता रहे।

ग्राम सेमली काकड़ एवं ढाबला आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

मंदसौर। ग्राम सेमली काकड़ एवं ढाबला देवल में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच, टीबी स्क्रीनिंग, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन एवं बीपी जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। सेमली काकड़ शिविर में 61 मरीजों की जांच ग्राम सेमली काकड़ में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर में कुल 61 मरीजों का ओपीडी पंजीयन किया गया।

ग्रीन नेट शेड रात में गिरा बड़ा हादसा टला

देवास। अस्पताल तिराहा पर लगा एक ग्रीन नेट शेड सोमवार रात अचानक गिर गया। यह शेड भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत देने के लिए लगाया गया था। गनीमत रही कि घटना रात के समय हुई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि किसी वाहन की टक्कर से शेड का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण पूरा ढांचा नीचे आ गिरा। नगर निगम ने शहर के प्रमुख चौराहों पर गर्मी से बचाव के लिए ऐसे ग्रीन नेट शेड लगाए हैं, जिनमें से अस्पताल तिराहा पर सडक़ के दोनों ओर शेड स्थापित किए गए थे। घटना देर रात होने के कारण तिराहे पर लोगों की आवाजाही कम थी। यदि यह हादसा दिन के समय होता, जब क्षेत्र में भीड़भाड़ रहती है, तो गंभीर जनहानि या बड़े नुकसान की आशंका थी।

नर्सरी क्षेत्र में लगी आग, रहवासियों व निगम टीम ने पाया काबू

देवास।

बालगढ़ रोड स्थित बालाजी नगर के पीछे नर्सरी इलाके में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घना धुआं उठता दिखाई दिया। स्थानीय रहवासियों और नगर निगम की टीम ने मिलकर करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के बाद आसपास के रहवासियों ने तुरंत सक्रियता दिखाई।

लोगों ने अपने स्तर पर बोरिंग चालू कर पानी डालना शुरू किया, ताकि आग आसपास के घरों तक न पहुंच

सके। घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया गया।

करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। समय रहते आग बुझ जाने से आसपास के मकानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि आग की चपेट में आने से नर्सरी के कुछ पौधे और पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए। रहवासियों का कहना है कि यदि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह विकराल रूप ले सकती थी।

स्थानीय रहवासी उषा सैनी ने बताया कि वे सडक़ किनारे से गुजर रही थीं, तभी नर्सरी इलाके से धुआं उठता दिखाई दिया।

गर्भवती महिला को ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर 750 रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी

नीमच।

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को समय-सीमा पत्रों के निराकरण एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मातृ स्वास्थ्य, उपार्जन एवं इंधन आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया, कि ए.एन.सी. जांच में सीवियर एनिमिक चिन्हित गर्भवती महिलाओं को बीटी करवाने पर प्रति महिला 750 रुपये की सहायता राशि रेडक्रास से प्रदान की जाए। इस सप्ताह बी.टी. करवाने वाली 19 गर्भवती महिलाओं की सूची तत्काल रेडक्रास प्रभारी को सौंपने तथा भविष्य में साप्ताहिक, मासिक सूची नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

41 दिनों तक अग्नि के बीच साधना करेंगे बालयोगी संतोष नाथ महाराज

तपस्या के दौरान 24 घंटे खड़े रहेंगे गुरू महाराज, दूर-दूर से दर्शन हेतु धूनी पहुंचेंगे भक्त

देवास।

सद्गुरू योगेंद्र शीलनाथ महाराज धूनी परिसर, मल्हार देवास एक बार फिर कठिन तपस्या और आध्यात्मिक साधना का केंद्र बनने जा रहा है। शीलनाथ भक्त मण्डल सचिव राहुल शर्मा ने बताया कि हरियाणा के हिसार जिले के सुल्तानपुर गांव स्थित नाथ संप्रदाय के प्राचीन मठ के गादीपति महंत बालयोगी संतोष नाथ महाराज यहां 20 मई से 29 जून तक 41 दिवसीय पंच धूनी और खड़ी तपस्या करेंगे।

प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक चलने वाली इस विशेष तपस्या में महाराज पांच स्थानों पर जलती धूनी के बीच बैठकर ध्यान-साधना करेंगे। तपस्या के पहले दिन वे 28-28 कंडों के बीच साधना आरंभ करेंगे और इसके बाद प्रतिदिन कंडों की संख्या बढ़ाई जाएगी। लगातार 41 दिनों तक चलने वाली यह कठिन साधना श्रद्धालुओं और साधकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। महाराज इस बार वे हरियाणा के सुल्तानपुर से दो कंटेनर भरकर कंडे अपने साथ लेकर आए हैं, ताकि तपस्या बिना किसी बाधा के निरंतर चल सके। नाथ संप्रदाय में पंच धूनी तपस्या को अत्यंत कठिन और दुर्लभ साधना माना जाता है।

शर्मा ने आगे बताया कि बालयोगी संतोष नाथ महाराज पिछले 19 वर्षों से यह तपस्या करते आ रहे हैं। धधकती अग्नि के बीच घंटों ध्यान लगाना और खड़े रहकर साधना करना सामान्य साधकों के लिए बेहद कठिन माना जाता है।

सुल्तानपुर गांव में नाथ संप्रदाय का करीब 800 वर्ष पुराना प्राचीन मठ स्थित है, जिसे शीलनाथ गुरू गादी के नाम से जाना जाता है। यही स्थान श्रीमंत सद्गुरू योगेंद्र शीलनाथ जी महाराज का गुरु स्थान भी है।

मान्यता है कि गुरु महाराज ने यहीं इलायची नाथ जी महाराज से शिक्षा और दीक्षा प्राप्त की थी। वर्तमान में इस मठ के गादीपति महंत बालयोगी संतोष नाथ जी महाराज हैं। 20 मई से प्रारंभ होने वाली यह तपस्या देवास के धार्मिक वातावरण को एक बार फिर आस्था और साधना से ओतप्रोत कर देगी।

भक्त मण्डल ने नगर सहित प्रदेशभर के भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर गुरू महाराज की तपस्या का दर्शनलाभ लेवे।

एनसीसी शिविर में अग्निवीर भर्ती के लिए मार्गदर्शन दिया गया

रतलाम। 21 मप्र बटालियन एनसीसी, रतलाम द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 11 मई से 20 मई तक शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सैलाना में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में कमान अधिकारी कर्नल राघवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संदीप अहलावत के निर्देशन में प्रतिदिन प्रात: सैन्य विषय के प्रशिक्षण अन्तर्गत शस्त्र प्रशिक्षण, फायरिंग, नेवीगेशन, टेन्ट पिचिंग, कवायद, मेप रीडिंग इत्यादि विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसी के साथ-साथ ही प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के मोटिवेशनल एवं सुरक्षात्मक विषयो पर व्याख्यान कैडेटस को दिए जा रहे है।

एशियन कैडेट एवं जूनियर जूडो कप में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

आकांक्षा श्रीवास्तव का भारतीय जूडो टीम में चयन

देवास।

शहर की प्रतिभावान जूडो खिलाड़ी आकांक्षा श्रीवास्तव ने मध्य प्रदेश का नाम रोशन करते हुए एशियन कैडेट एवं जूनियर जूडो कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता कजाखस्तान के अल्माटी शहर में आयोजित होगी, जहां आकांक्षा एशिया के शीर्ष कैडेट खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करेंगी। भोपाल में आयोजित नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहीं आकांक्षा श्रीवास्तव का चयन भारतीय कैडेट जूडो टीम में किया गया। भारतीय जूडो महासंघ द्वारा आयोजित नेशनल ट्रायल्स एवं सब जूनियर कैडेट राष्ट्रीय रैंकिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें भारतीय टीम की ओर से नीली और सफेद जूडोगी पहनने का गौरव प्राप्त हुआ है।

आकांक्षा की इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश जूडो संघ के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। संघ के अध्यक्ष

जगजीत सिंह संधू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुरुश दिनशा, सचिव नरेश ततवाड़े, अशोक नामदेव, आबिद खान, भारत कुमावत, इंटरनेशनल रेफरी पूर्णिमा बीसे, देवास जिला जूडो संघ की अध्यक्ष आरती सक्सैना, उपाध्यक्ष राजेश यादव सहित समिति के सभी सदस्यों और वरिष्ठ खिलाड़ियों ने आकांक्षा को बधाई दी।

उक्त जानकारी जिला जूडो संघ सचिव आतिश माली ने दी।

ईरान में 134 साल पुराना विष्णु मंदिर

अमिताभ बच्चन ने किया खुलासा

मुंबई, (ईएमएस)। फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने हाल ही में इंस्टाग्राम में एक वीडियो पोस्ट किया है इस वीडियो में ईरान में मौजूद प्राचीन विष्णु मंदिर का उल्लेख है यह मंदिर होर्मुज से लगा हुआ है। ईरान के होर्मुज तट के किनारे स्थित 134 साल पुराना विष्णु मंदिर आज भी भारतीय संस्कृति और इतिहास की अनूठी पहचान है। इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1888 में भारतीय व्यापारियों द्वारा कराया गया था, उस समय व्यापार के सिलसिले में ईरान आते-जाते थे। मंदिर की वास्तुकला में भारतीय और फारसी शैली का सुंदर संगम दिखाई देता है।

भगवान विष्णु और बुद्ध की प्रतिमाएं

मंदिर के गर्भगृह में भगवान विष्णु की नटराज मुद्रा की प्रतिमा स्थापित है। इसके साथ ही वहां भगवान बुद्ध की प्रतिमाएं भी मौजूद हैं, जो धार्मिक सौहार्द और सांस्कृतिक मेलजोल का प्रतीक मानी जाती हैं। मंदिर में आने वाले पर्यटक इसकी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को करीब से देखते हैं। मंदिर के एक कमरे को संग्रहालय के रूप में विकसित किया गया है, जहां पुराने दस्तावेज, तस्वीरें और ऐतिहासिक वस्तुएं सुरक्षित रखी गई हैं। यह मंदिर आज भी भारत और ईरान के सांस्कृतिक संबंधों की जीवंत मिसाल है। ईरान और भारत का रिश्ता हजारों वर्ष पुराना है।

किराया बढ़ाने को लेकर ऑटो-टैक्सी हड़ताल का ऐलान

नई दिल्ली, (ईएमएस)। राजधानी दिल्ली में आने वाले दिनों में यात्रियों की परेशानी बढ़ सकती है। ऑटो और टैक्सी चालक यूनियनों ने किराये में बढ़ोतरी की मांग को लेकर 21, 22 और 23 मई को तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। 'ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस' ने इस संबंध में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र भेजकर अपनी मांगें रखी हैं। यूनियनों का कहना है कि सीएनजी, पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने चालकों की आर्थिक स्थिति खराब कर दी है। 'चालक हितैषी यूनियन' के उपाध्यक्ष अनुज कुमार राठौर ने कहा कि बढ़ती ईंधन कीमतों के कारण चालक अपने परिवारों का भरण-पोषण करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार जल्द किराया संशोधन की अधिसूचना जारी नहीं करती।

अब ब्रेड हुई महंगी, कंपनियों ने किया 5 रुपए पैकेट का इजाफा

ब्रिटानिया और विल्स जैसी कंपनियां भी बढ़ा सकती हैं दाम

नई दिल्ली, (ईएमएस)। पेट्रोल-डीजल और दूध के बाद अब ब्रेड भी महंगी हो गई है। 14 मई को दूध की कीमतों में प्रति लीटर 2 रुपए की बढ़ोतरी के बाद अब ब्रेड के दामों में भी 5 रुपए प्रति पैकेट तक का इजाफा किया गया है। बढ़ती परिवहन लागत, प्लास्टिक पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले आयातित कच्चे माल की महंगाई और रुपए में गिरावट को इसकी मुख्य वजह बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मॉडर्न ब्रेड ने अपने बेसिक वेरिएंट्स की कीमतों में एकमुश्त 5 रुपए तक की बढ़ोतरी की है, जिसे अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि माना जा रहा है। बाजार में यह भी चर्चा है कि जल्द ही ब्रिटानिया और विल्स जैसी कंपनियां भी दाम बढ़ा सकती हैं।

हालांकि, मॉडर्न ब्रेड की कंपनी ग्रुपो बिम्बो ने इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। बता दें पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि से ट्रांसपोर्ट कॉस्टर बढ़ा है, जिसका असर अन्य चीजों पर पड़ रहा है। खुदरा विक्रेताओं ने बताया कि मॉडर्न के 400 ग्राम सैंडविच ब्रेड की कीमत

40 रुपए से बढ़कर 45 रुपए हो गई है। इसी तरह होल व्हीट ब्रेड 55 से 60 रुपए और मल्टीग्रेन ब्रेड 60 से 65 रुपए पहुंच गई है। छोटे ब्राउन ब्रेड की कीमत 28 से 30 रुपए और व्हाइट ब्रेड 20 से बढ़कर 22 रुपए हो गई है। ब्राउन ब्रेड के दाम भी 45 से 50 रुपए तक पहुंच गए हैं।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में एक बार फिर से की गई बढ़ोतरी

बेकरी चलाने वालों का कहना है कि प्लास्टिक बैग बनाने में इस्तेमाल होने वाला प्लास्टिक पाउडर आयातित होता है और इसकी कीमत में भारी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में ब्रेड की कीमत बढ़ाना लगभग तय है। रिपोर्ट के मुताबिक इंडिया बेकर्स एसोसिएशन के तरुण अरोड़ा और क्वालिटी बेकर्स के प्रबंधक सतनूर्दीन खान ने कहा कि परिवहन खर्च, फ्रिजरटेिप्लन और यहां तक कि नमक की कीमतें भी काफी बढ़ गई हैं। आमलोगों का कहना है कि पहले ब्रेड के दाम 2-3 रुपए बढ़ने पर चिंता होती थी, लेकिन अब कंपनियां तीसरे 5 रुपए तक कीमत बढ़ा रही हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग्ग को एक बार फिर से बढ़ोतरी की गई है। तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम में करीब 90 पैसे प्रति लीटर तक का इजाफा किया है। पांच दिनों के भीतर ईंधन की कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी है।

फटाफट खबरें

केदारनाथ यात्रा में घायल हुए मुंबई के श्रद्धालु

रुद्रप्रयाग, (ईएमएस)। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर चिरवासा हेलिपैड के समीप एक यात्री घायल हो गया, जिसके बाद डीडीआरएफ और वाईएमएफ की रेस्क्यू टीम ने तत्परता दिखाते हुए सफल बचाव अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार, मुंबई निवासी 63 वर्षीय सत्यनारायण स्वामी गौरीकुंड से पैदल केदारनाथ जा रहे थे। यात्रा के दौरान पोल नंबर 81 के पास अचानक चक्कर आने से वह रास्ते पर गिर पड़े, जिससे उनके सिर और नाक पर चोट लग गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और घायल यात्री को स्ट्रेचर की मदद से सुरक्षित गौरीकुंड पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया और उनकी स्थिति सामान्य बताई।

इटावा सफारी पार्क पहुंची शेरनी 'सुधा'

इटावा, (ईएमएस)। इटावा सफारी पार्क में हरियाणा के तोहतक जू से शेरनी 'सुधा' को लाया गया है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की अनुमति के बाद उसे सफारी पार्क में शिफ्ट किया गया। इसके बदले सफारी प्रशासन ने सितंबर 2023 में जन्मे बब्बर शेर 'अजजू' को तोहतक जू भेजा है। शेरनी सुधा के आने से सफारी पार्क के बब्बर शेर सिंबा और सुल्तान को मेटिंग पार्टनर मिल सकेगा। सफारी पार्क के उपनिदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि सुधा को फिलहाल 21 दिनों के लिए क्वारंटाइन में रखा गया है। इस दौरान उसके स्वास्थ्य और व्यवहार की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के जरिए की जा रही है। क्वारंटाइन अवधि पूरी होने के बाद शेरनी को ब्रीडिंग सेंटर में सिंबा और सुल्तान के साथ रखा जाएगा। प्रशासन अब बिहार के राजगीर सफारी से भी एक और बब्बर शेर लाने की तैयारी कर रहा है।

आईपीएस सुरेंद्र झा बने बीएसएफ डीआईजी

रांची, (ईएमएस)। झारखंड कैडर के 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार झा को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में डीआईजी नियुक्त किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में झारखंड सरकार को पत्र भेजकर उन्हें शीघ्र कार्यमुक्त करने को कहा है। वर्तमान में सुरेंद्र कुमार झा झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीआईजी कार्मिक के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वह रांची के एसएसपी और कई जिलों में पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्हें वीरतापूर्ण कार्यों के लिए पुलिस वीरता पदक भी मिल चुका है। सांप्रदायिक तनाव नियंत्रित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका को काफी सराहा गया है। झारखंड कैडर में फिलहाल 146 आईपीएस अधिकारी हैं।

पति ने की पत्नी समेत 3 बच्चों की हत्या

पटना, (ईएमएस)। बिहार के दरभंगा में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों की हत्या कर दी। फिर वे खुद को भी घायल कर लिया। मंगलवार सुबह मामूली विवाद के बाद चंदनपट्टी में इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया है। बताया जाता है कि परिवार बंगाल से आकर यहां किराये के मकान में रह रहा था। मृत पत्नी की पहचान बंगाल के कुछी थाना क्षेत्र के निवासी संदीप दास की पत्नी फूल कुमारी दास (30) और बच्चे ह्रदय दास (7), सेंध्या दास (6) और पांच साल का मासूम सोन दास के रूप में हुई है।

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की तारिक रहमान को चुनौती

हसीना बोलीं- मेरी गैरमौजूदगी को चुप्पी न समझा जाए...

मैं जल्द लौटूंगी अपने देश

नई दिल्ली, (ईएमएस)। मेरी गैरमौजूदगी को चुप्पी न समझा जाए। मैं जल्दी अपने देश वापस लौटूंगी। यह कहना है बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना का। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि लगातार अपने देश और लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष कर रही हैं। फिलहाल वो भारत में अपना समय बिता रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना ने कहा कि 17 मई 1981 उनके जीवन का बेहद भावुक दिन था, जब वह छह साल के निर्वासन के बाद भारत से बांग्लादेश लौटी थीं। उन्होंने कहा कि उस समय भी उनके खिलाफ साजिशें हुई थीं, मुकदमे दर्ज किए गए थे और जान का खतरा था, लेकिन जनता के प्यार और समर्थन ने उन्हें वापस लौटने की ताकत दी।

उन्होंने कहा कि इस बार उनकी वापसी किसी तय तारीख पर निर्भर नहीं है, बल्कि बांग्लादेश में लोकतांत्रिक माहौल, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, राजनीतिक अधिकारों और कानून के शासन की बहाली पर निर्भर करेगी। हसीना ने दावा किया कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि 19 बार हत्या की कोशिशों से मैं बच चुकी हूं।

जब तक अल्लाह ने मुझे जिंदा रखा है, मैं बहुत जल्द बांग्लादेश की धरती पर लौटूंगी। पूर्व पीएम हसीना ने कहा कि अवामी लीग कोई ऐसी पार्टी नहीं है, जिसे बंद किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह जनता की पार्टी है, आम लोगों की पार्टी है और इसे कागज पर लिखे प्रतिबंध से खत्म नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सत्ता अवामी लीग से डरता है, क्योंकि अगर पार्टी को लोकतांत्रिक तरीके से काम करने दिया गया तो सरकार की 'राष्ट्र विरोधी गतिविधियां' उजागर हो जाएंगी। उन्होंने साफ कहा कि पार्टी को तोड़ने की साजिशें सफल नहीं होंगी और सुधार का फैसला पार्टी के आंतरिक लोकतांत्रिक ढांचे के तहत ही होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना ने इंटरव्यू में बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि देश फिर से 2001 से 2006 के उस दौर की ओर बढ़ सकता है, जब कट्टरपंथ और उग्रवादी ताकतें मजबूत हुई थीं। हसीना ने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार के नेतृत्व में अवामी लीग के नेताओं और समर्थकों के खिलाफ 'खामोश राजनीतिक नरसंहार' चलाया गया। उनके मुताबिक करीब 600 नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या की गई, जबकि डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों को झूठे मामलों में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पार्टी नेताओं के घरों और कारोबारों को निशाना बनाया गया और समर्थकों में डर का माहौल पैदा किया गया।

8 महीने में दूसरी बार भारत आएंगे पुतिन, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग

नई दिल्ली, (ईएमएस)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सितंबर, 2026 में भारत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली आएंगे। इसकी जानकारी रूस की सरकारी एजेंसी ने दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव के हवाले से कहा गया है कि भारत में होने जा रहे ब्रिक्स सम्मेलन में पुतिन हिस्सा लेंगे। बता दें 12 और 13 सितंबर 2026 को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत करने वाला है। यह एक साल से भी कम समय में पुतिन की दूसरी भारत यात्रा होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नई दिल्ली में होने वाला यह 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत की यह सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है जब चुनिया बढ़े उथल-पुथल से गुजर रही है अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। खासकर पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय चिंता बढ़ी है। बिलवरए ये भी है कि रूस के विदेश मंत्री ने कहा है कि इसी साल मॉस्को भी पीएम मोदी की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। बता दें पुतिन इससे पहले सितंबर 2025 में भारत आए थे। उस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया था।

मेलोनी से मुलाकात में इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर पर खास ध्यान

पीएम मोदी की यात्रा इटली के संबंधों को देंगे मजबूती

रोम, (ईएमएस)। पीएम नरेंद्र मोदी 19-20 मई को यात्रा के अंतिम चरण में इटली के दौरे पर हैं। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के बाद पीएम मोदी की पहली अहम यूरोपीय यात्रा है। इस समय वैश्विक चुनौतियों, जैसे पश्चिम एशिया संकट और सप्लाई चेन में पैदा हुए दिक्कतों के बीच इस दौरे को रणनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है। यह दौरा दोनों देशों के बीच 'संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029' को लागू करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह पंचवर्षीय कार्य योजना द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का एक व्यापक रोडमैप है।

भारत और इटली के संबंध हमेशा इतने मजबूत नहीं रहे। साल 2010 के दशक में अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले ने दोनों देशों के संबंधों को गंभीर नुकसान पहुंचाया था। इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड पर भारत में वीवीआईपी हेलीकॉप्टर सौदे में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। इसके बाद भारत ने कंपनी पर बैनन लगा दिया था और रक्षा सहयोग ठप पड़ गया था। इसी दौरान इतालवी मरीन विवाद ने भी संबंधों में तनाव पैदा कर दिया था। कई सालों तक दोनों देशों के बीच रक्षा तकनीक और नई सैन्य डील्स को लेकर समझौतों की कमी बनी रही।

हालांकि बाद में कानूनी और कूटनीतिक स्तर पर हालात सुधरने लगे। साल 2021-22 के बाद संबंधों में तेजी से सुधार आया है। आर्थिक मोर्चे पर दोनों देशों के संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। यहां साल 2025 में द्विपक्षीय व्यापार 16.77 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है। 2000 से 2025 के बीच भारत को इटली से 3.66 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है।

व्यापार

चांदी में उछाल

इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में चांदी सामान्य रही, पर भारतीय बाजारों में चांदी आयात की प्रक्रिया जटिल होने से और चांदी आयात को रिस्ट्रिक्टेड कैटेगरी में डालने से तेजी रही और दाम 7000 रु. किलो बढ़कर 260000 रुपए किलो हो गए। उधर, वायदा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में मिश्रित रुख देखने को मिला। जहां सोने की कीमतों में हल्की तेजी दर्ज की गई, वहीं चांदी के दाम में मामूली गिरावट आई। हालांकि दोनों धातुओं में उतार-चढ़ाव ज्यादा बड़ा नहीं रहा। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक संकेतों और निवेशकों की खरीदारी के चलते सोने में मजबूती बनी हुई है। औद्योगिक मांग और वैश्विक बाजार के उतार-चढ़ाव का असर चांदी की कीमतों पर देखा जा रहा है।

इंदौर सराफा- सोना केडवर्ी रवा नकद 152000, सोना आरटीजीएस में 156300, सोना 22 कैरेट 143100 रुपये प्रति दस ग्राम (जीएसटी अतिरिक्त), चांदी चौरसा 260000, चांदी आरटीजीएस 265000 चांदी टंच 260500 रुपये प्रति किलो और चांदी सिक्का 2870 रु. प्रति नग।

ब्राजील से चीन खूब खरीद रहा सोयाबीन

इंदौर। ब्राजील में सोयाबीन फसल की कटाई-तैयारी समाप्त हो चुकी है और अब इसके कुछ राष्ट्रीय उत्पादन का आंकलन किया जा रहा है। आरंभिक रिपोर्ट में वहां सोयाबीन का उत्पादन उछलकर 1780-1800 लाख टन के बीच पहुंचने का अनुमान लगाया गया है जो ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर है। सर्वकालीन सर्वोच्च उत्पादन के सहारे ब्राजील को 2025-26 के वर्तमान मार्केटिंग सीजन में सोयाबीन का निर्यात भी बढ़ाकर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचाने में सफलता मिलने की उम्मीद है।

चीन का विशाल बाजार उसके निर्यातकों के लिए पूरी तरह खुला हुआ है। अमरीकी कृषि विभाग ने चालू वर्ष के दौरान ब्राजील में 1800 लाख टन सोयाबीन का रिकॉर्ड उत्पादन होने तथा ब्राजील से इसका कुल निर्यात 1125 लाख टन के नए शीर्ष स्तर पर

पहुंचने का अनुमान लगाया है। ब्राजील के घरेलू प्रभाग में सोयाबीन की क्रशिंग-प्रोसेसिंग भी बड़े पैमाने पर होती है। ब्राजील सोया तेल एवं सोयामील का भी एक अग्रणी उत्पादक एवं निर्यातक देश है। भारत में ब्राजील से अच्छी मात्रा में क्रूड डिगम्ड सोयाबीन तेल का आयात किया जाता है। ब्राजील से लगभग 70 प्रतिशत सोयाबीन का निर्यात अकेले चीन को किया जाता है।

तेल-तिलहन- खाद्य तेल-मूंगफली तेल इंदौर 1580-1600, मुंबई 1600, इंदौर सोया रिफाईड 1465-75, सोया साल्वेंट 1410-15, इंदौर पाम 1540-42, मुंबई सोया रिफाईड 1490, मुंबई पाम 1475, राजकोट तेलिया 2470, गुजरात लूज 1530, कपास्या तेल इंदौर 1460 रुपए प्रति दस किलो।

तिलहन-सरसो निमाड़ी(बारीक) 7500-7700, रायडा 6500-6700, सोयाबीन 6700-7200 रु. प्रति क्विंटल।

कपास्या खली- (60 किलो भरती) इंदौर 2525, देवास 2525, उज्जैन 2525, खंडवा 2500, बुरहानपुर 2500, अकोला 3900 रुपए।

कमजोर मांग से चना-तुवर में सीमित उतार-चढ़ाव

इंदौर। निकट भविष्य में चना तथा तुवर में सीमित उतार-चढ़ाव आने की संभावना है क्योंकि एक तरफ इसकी आवक की गति धीमी पड़ गई है तो दूसरी ओर इसकी मांग भी कमजोर पड़ गई है। दाल मिलर्स और व्यापारी केवल तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए थोड़ी बहुत मात्रा में इसकी खरीद कर रहे हैं। चना और तुवर के साथ-साथ उड़द की कीमतों में भी भारी उतार-चढ़ाव आने की संभावना नहीं है क्योंकि इसकी आवक स्थिर है, मांग सीमित है और विदेशों से इसका आयात भी अपेक्षाकृत कम हो रहा है।चना की आवक अधिकांश मंडियों में उम्मीद से कम हो रही है और इसकी खपत का पीक सीजन नहीं है। गैस के अभाव की वजह से होटल, रेस्तरां एवं कैटरिंग क्षेत्र में इसकी मांग कमजोर पड़ गई है। बेसन में भी सीजनल मांग कमजोर है। लेकिन चूंकि इसका भाव पहले से ही न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) से नीचे चल रहा है इसलिए इसमें और ज्यादा नरमी आना मुश्किल लगता है। दूसरी ओर इस वर्ष विदेशों से देसी चना एवं पीली मटर का आयात भी कम हो रहा है। इसे चना बाजार में कुछ हद तक स्थिरता का माहौल बरकरार रहने की उम्मीद है।

दलहन-चना कांटा 5800-5900, विशाल 5700-50, मसूर 6050-6100, तुवर महाराष्ट्र सफेद 7400-7600 महाराष्ट्र लाल 7700-7900 कर्नाटक नई 8000-8200, निमाड़ी नई तुवर 6000-7500, मूंग बेस्ट गर्मी 7700-7800, मूंग बेस्ट बोल्ड 8200-8500, एवरेज 7000 7200, मोगर 5500 6500, उड़द बोल्ड 8500-8700 एवरेज 7000-8000, हल्का उड़द 4000-6000, काबुली डॉलर 7400-8500, काबुली रशियन 5800-6000, बिटकी 5000-5300 रुपए क्विंटल है।

दालें-चना दाल 7100-7200 मीडियम 7300-7400 बेस्ट 7600-7800 मसूर दाल 7800-7900 बेस्ट 8000-8100 मूंग दाल 9500-9600 बेस्ट 10000-10100 मोगर 10500-10700 बेस्ट 10900-11100 तुवर दाल 7500-7700 मीडियम 8700-8900 बेस्ट 10100-10300 ए, बेस्ट 11100 11200, ब्रांडेड तुवर दाल नई 12600 उड़द दाल 9700-9900, बेस्ट 10200-10400, उड़द मोगर 10800-11000 बेस्ट 11200-11600 रुपये प्रति क्विंटल।

चावल -बासमती (921) 10500-11500, तिवार 9000-10000,



बासमती दुबार पोनिया 8000-8500, मिनी दुबार 7000 7500, मोगरा 4500-6500, बासमती सेला 6500-9000 कालीमूंछ डिनरकिंग 8500, राजभोग 7000, दुबराज 4000-4500, परमल 3400-3500, हंसा सेला 3500-3700, हंसा सफेद 2900-3100, पोहा 4500-5100 रु. क्विंटल।

निर्यात रुकने से शकर का वैश्विक भाव ऊंचा होने की संभावना

इंदौर । भारत सरकार द्वारा 14 मई को तत्काल प्रभाव से 30 सितम्बर तक के लिए शकर के निर्यात पर रोक लगाए जाने से इसके वैश्विक बाजार भाव में तेजी-मजबूती का माहौल बनने की संभावना है।

दरअसल 2026-27 सीजन के दौरान भारत के साथ-साथ ब्राजील थाईलैंड, यूरोपीय संघ एवं ऑस्ट्रेलिया जैसे शीर्ष उत्पादक एवं निर्यातक देशों में भी शकर का उत्पादन घटने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे शकर का कुल वैश्विक उत्पादन इसके उपयोग से कम होगा और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति जटिल रह सकती है।

सियागंज में शकर-4180-4240 गुड़ भेली 4400-4600, कटोरा 4900-5000 लड्डू 5200-5300, खोड़ी 5500-5600, ग्लास 5300-5600 रुपए क्विंटल।

नारियल- 120 भरती 2600, 160 भरती 2600, 200 भरती 2800, 250 भरती 2800 2850 रुपए प्रति बोरी।

खोपरा गोला - 390-420 कट्टे में 375-80 रुपए प्रति किलो। खोपरा बूरा 3300-6600 रुपए प्रति (15 किलो)।

मसाले-कालीमिर्च 740-820, हल्दी निजामाबाद 210 से 230, हल्दी सांगली 275-80, जीरा 255-50, मीडियम 250-75, बेस्ट 270-80, सौंफ मोटी 100-255, बेस्ट 145-221, एक्सट्रा बेस्ट 275-350, लौंग चालू 725-50 बेस्ट 800, दालचीनी 220-45, जायफल 840-860 जावत्री 1650-1975,बड़ी इलायची 1475-2050,पत्थरफूल 2235-440, बाद्यान फूल 370-575 शाहजीरा 890-900 तेजपान 90-97, नागकेसर 885-950, सौंठ 260, धोली मूसली 1100, हींग 751-3450, पाउच में 10 ग्राम 3550, 121- 50 ग्राम 3250, पाउच में 10 ग्राम 3330, 111-50 ग्राम 3150, पाउच में 10 ग्राम 3130, पावडर 850-900 हरी इलायची 2850-3550 रुपए ।

सूखे मेवे-काजू डब्ल्यू 240 नंबर 920-950, डब्ल्यू 320 825-850, डब्ल्यू 300 नंबर 800-25, जेfebच 800-820, टुकड़ी 770-90, बादाम ईडिपेंडेंट 770-780, अमेरिकन 840-850, मोटा दाना 930 945, खसखस 1100-1150, बदिया 1400-1550 तरबूज मगज 520-540, खारक 75 125, बेस्ट 125-175, किशमिश कंधारी बेस्ट 500-740, ईंडियन 375-400 बेस्ट 410-35।

मुम्बई को हराकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी केकेआर

शाम 7:30 से शुरु होगा मैच

■ कोलकाता (ईएमएस)।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम बुधवार को यहां अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी। इस मैच में अगर केकेआर हारती है तो वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। आजिंक्य रहाणे की कप्तान में उतरी केकेआर की राह आसान नहीं होगी क्योंकि मुम्बई की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है और अब वह बिना किसी दबाव के निडर होकर खेलेगी। मुम्बई इस मैच को जीतकर टूर्नामेंट का अपना सफर सम्मानजनक तरीके से समाप्त करना चाहेगी। उसके पास खोने को कुछ नहीं है, ऐसे में इस मैच में पूरा दबाव केकेआर पर रहेगा।

अगर इस मैच में केकेआर हार जाती है, तो रहाणे के नेतृत्व में लगातार दूसरे सत्र में वह प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायेगी हालांकि मुंबई के खिलाफ जीत भी केकेआर के लिए पर्याप्त नहीं होगी। प्लेऑफ के लिए उसे लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले मैच के परिणाम पर भी नजर रखनी होगी। अगर पंजाब वह मैच जीत जाता है तो केकेआर प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। ऐसे में वह चाहेगी कि सुपर जायंट्स ये मैच जीते।

केकेआर की बल्लेबाजी कप्तान रहाणे, फिन एलन अंगकृष रघुवंशी और कैमरन पर निर्भर है। एलन ने अपनी पिछली तीन पारियों में एक शतक और 93 रन की तूफानी पारी खेली है। अंगकृष और ग्रीन ने भी अच्छा खेला है। रिंकू सिंह ने अब तक मध्यक्रम को अच्छे तरीके से संभाला है। गेंदबाजी की जिम्मेदारी मथीशा पथिराना और वरुण चक्रवर्ती पर रहेगी। टीम के लिए हालांकि चिन्ता की बात वरुण की फिटनेस रहेगी। वरुण अगर इस मैच में नहीं खेलते तो ये टीम के लिए झटका होगा।

वहीं दूसरी ओर कप्तान हार्दिक पंड्या लीग के इस अंतिम मैच में जीत के साथ ही टीम का मनोबल बढ़ना चाहेंगी। वह चोट के कारण पिछले तीन मैच नहीं खेल पाए थे पर उनके इस मैच में खेलने की पूरी संभावना है। हार्दिक का प्रदर्शन हालांकि अबतक गेंद और बल्ले से अच्छा नहीं रहा है। वह आठ पारियों में केवल 146 रन बना पाये हैं। गेंदबाज में केवल चार विकेट ले पाये हैं। बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और उनका भी लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना होगा। टीम की गेंदबाजी ट्रेंट बोल्ट, कॉर्बिन बॉश के पास रहेगी।

आंकड़ों पर नजर डाले तो अब तक दोनो के बीच 36 मैच हुए हैं। जिसमें से 25 मुम्बई और 11 केकेआर ने जीते हैं।

कोलकाता ने पांच जीत और एक मैच का परिणम नहीं निकलने के कारण 11 अंक हासिल किये हैं और वह अंकतालिका में आठवे नंबर पर है। वहीं मुम्बई ने चार मैच जीतकर आठ अंक हासिल किये हैं और वह नौवें स्थान पर है।

दोनो ही टीमों की संभावित अंतिम ग्यारह

कोलकाता नाइट राइडर्स: अजिंक्य रहाणे (कप्तान), फिन एलन, अंगकृष्ण रघुवंशी (विकेटकीपर), वैभव्न ग्रीन, मनीष पांडे, रिंकू सिंह, सुनील नरेन, अनुकूल रॉय, वरुण चक्रवर्ती, सौरभ दुबे, वार्तिक त्यागी
इम्पैक्ट प्लेयर: मयंक मार्कण्डेय
मुंबई इंडियंस: हार्दिक पंड्या (कप्तान), रायन रिकेल्टन (विकेटकीपर), नमन धीर, तिलक वर्मा, रोस्टन चेज, विल जैक्स, कॉर्बिन बॉश, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, रघु शर्मा
इम्पैक्ट प्लेयर: रोहित शर्मा

अगले सत्र में बेहतर होकर आयेंगे कप्तान रुतुराज गायकवाड़

चेन्नई (ईएमएस)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ आईपीएल के 19 वें सत्र में अपनी टीम के कमजोर प्रदर्शन से निराश हैं। टीम को अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों मिली हार से भी करारा झटका लगा है क्योंकि इस हार से टीम तकरीबन प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। इसका कारण है कि अब सीएसके अधिकतम 14 अंकों तक ही पहुंच सकती है। वहीं तीन अन्य टीमें 15 या इससे अधिक अंक हासिल कर सकती हैं। गायकवाड़ ने कहा कि सनराइजर्स के खिलाफ करीबी मुकाबले में उनकी टीम ने अंत तक संघर्ष किया जिसपर उन्हें गर्व है। कप्तान ने कहा कि अब अगले सत्र के लिए टीम को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा, हाँ, बिल्कुल। हम टीम बना रहे हैं। सच कहूं तो, मुझे लगता है कि इसमें बहुत सारी सकारात्मक बातें हैं। उन्होंने युवा प्रतिभाओं की सराहना की साथ ही कहा कि संजू सैमसन के आने से टीम की बल्लेबाजी बेहतर हुई है। वह हमारे लिए बहुत अच्छा खेल रहे हैं। युवा कार्तिक शर्मा से भी काफी उम्मीदें हैं। गायकवाड़ ने माना है कि कुछ प्रमुख खिलाड़ी जो अंतिम 12 का हिस्सा थे, वे टीम से बाहर हो गए हैं, और अब उनके सही विकल्प तलाशने होंगे। दुनिया भर में फैले सीएसके प्रशंसकों के लिए संदेश देते हुए, कप्तान ने उनके लगातार समर्थन के लिए आभार जताया है। उन्होंने कहा, दुनिया भर में हमारे जो प्रशंसक हैं, वे आते हैं और हर अच्छे-बुरे समय में हमारा साथ देते हैं। साथ ही कहा, मुझे लगता है, पिछले साल की तुलना में, हम इस साल बहुत बेहतर थे और निश्चित रूप से अगले साल यहां और बेहतर होकर उतरेंगे।

सनराइजर्स की जीत के बाद सीएसके के प्रशंसकों को चिढ़ाने के लिए ट्रॉल हुए ईशान

चेपॉक (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद ने यहां हुए आईपीएल मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत के साथ ही प्लेऑफ में जगह बनायी है। इस मैच में सनराइजर्स की जीत में उसके बल्लेबाज ईशान किशन की अहम भूमिका रही। ईशान ने इस मैच में आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों पर 7 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 70 रनों की पारी खेली। इस जीत के बाद ईशान हालांकि अपनी एक हरकत से विवादों में आ गये।

ईशान ने जीत के जश्न के दौरान ही चेपॉक स्टेडियम में मौजूद दर्शकों की तरफ इशारा किया।

उन्होंने पहले जोर से सीटी बजाई, जिसे आम तौर पर सीएसके के प्रशंसक अपनी टीम का हौंसला बढ़ाने के लिए बजाते हैं। इसके बाद उन्होंने अपने हाथों से घर जैसा आकार बनाया और फिर हाथ हिलाते हुए ऐसा संकेत दिया, मानो वह सीएसके के प्रशंसकों से चले जाओ यहां से कह रहे हों। जीत के इस अनोखे जश्न का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया। कई यूजर्स ने ईशान के इस कदम की आलोचना करते हुए इससे सीएसके के प्रशंसकों को उकसाने और चिढ़ाने का काम बताते हुए ईशान की आलोचना की है। वहीं कुछ उनके समर्थक इसे एक खिलाड़ी का स्वाभाविक उत्साह और प्रतिक्रिया मान रहे हैं।

बहरहाल ईशान किशन के इस रवैये ने सीएसके के प्रशंसकों का दुख और बढ़ा दिया, क्योंकि इस मैच में हार से सीएसके का प्लेऑफ में पहुंचना और भी कठिन हो गया है। टीम ने अब तक 13 मैच खेले हैं और उसके केवल 12 अंक हैं और तालिका में छठे स्थान पर है। लीग चरण में सीएसके को अभी एक और महत्वपूर्ण मैच खेलना है।

आउट दिये जाने के बाद सैमसन को जश्न मनाता देख भड़के क्लासेन

चेन्नई (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद ने यहां हुए आईपीएल के 63 वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को हराकर प्लेऑफ की ओर कदम बढ़ाया। इस रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स की जीत में ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन की अहम भूमिका रही। इन दोनो की शानदार पारियों से टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में आकर्षण का केन्द्र हेनरिक क्लासेन का विकेट रहा। क्लासेन आउट दिये जाने पर सीएसके के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को जश्न मनाता हुए देखकर नाराज हो गेय और उनकी सैमसन से तीखी बहस भी हुई। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने 20 ओवरों में 180 रन बनाये। इससे के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने एक ओवर पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच के 15वें ओवर में सनराइजर्स के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन नूर अहमद की गेंद पर शॉट खेलने में असफल रहे। ऐसे में विकेटकीपर संजू सैमसन ने उन्हें स्टंप करने में कोई गलती नहीं की पर रीप्ले में दिखा कि क्लासेन का पैर पॉपिंग क्रीज के अंदर था पर जिस क्षण सैमसन ने बेल्स गिराई, उनका पैर हवा में था, जिसके कारण तीसरे अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया।

कोच फ्लेमिंग ने सीएसके की हार के लिए कप्तान रुतुराज को जिम्मेदार बताया

चेन्नई (ईएमएस)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लीग मैच में मिली हार पर निराशा जताती है। इस हार से सीएसके के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। सीएसके को अब केवल एक मैच खेलना है। फ्लेमिंग ने हार के लिए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार बताया है और कहा है कि वह उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये। बल्लेबाजी के दौरान वह रन नहीं बना पाये। उनकी कप्तानी भी अच्छी नहीं रही। सनराइजर्स के खिलाफ इस मैच में गायकवाड़ ने 21 गेंदों में केवल 15 रन बनाए। हैरानी की बात ये रही कि वह पारी शुरु करने के बाद भी एक भी चौका नहीं लगा पाये। किसी भी सलामी बल्लेबाज से ऐसे प्रदर्शन की अपेक्षा नहीं की जाती। वहीं उनके जोड़ीदार संजू सैमसन ने 13 गेंदों में तेजी से 27 रन बनाये।

हर्ष ने किया संघर्ष का खुलासा

कॉमेडियन भारती सिंह और लेखक-निर्माता हर्ष लिम्बाचिया को टीवी इंडस्ट्री की सबसे चहेती जोड़ियों में से एक माना जाता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान हर्ष ने शादी के बाद अपनी जिंदगी में आए व्यक्तिगत संघर्षों और लोगों के कटु तानों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि शादी के उपरांत उन्हें इस बात को लेकर काफी आलोचना झेलनी पड़ी, क्योंकि उन्हें भारती सिंह से कम लोकप्रिय और कम कमाई करने वाला माना जाता था। नेहा धूपिया के शो में बातचीत के दौरान, हर्ष ने इस सामाजिक धारणा पर प्रकाश डाला कि अक्सर उस पुरुष को अधिक सम्मान मिलता है जो अपनी पत्नी से ज्यादा कमाता हो। उन्होंने बताया कि कई लोग उन्हें सीधे ताना मारते हुए कहते थे कि कम से कम भारती जितना तो कमा लो। इन बातों से हर्ष काफी परेशान होते थे, लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय अपने काम पर और अधिक ध्यान केंद्रित किया। हर्ष ने एक लेखक के रूप में कड़ी मेहनत की और कई शो के लिए स्क्रिप्ट लिखीं, जिसमें कॉमेडी नाइट्स बचाओ जैसे लोकप्रिय कार्यक्रम भी शामिल हैं। इन प्रयासों के बाद ही उन्हें लोगों का प्यार और अपनी पहचान मिलने लगी। इस दौरान उन्होंने कपिल शर्मा की तारीफ की और उनके साथ काम करने को एक बड़ा अनुभव बताया।

कान्स में दिशा का दिखा जलवा, भारतीय जड़ों और क्षेत्रीय कला को किया पेश

फ्रांस के मशहूर कान्स फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा मदान ने दूसरे साल शिरकत की। ब्रूट एक्स नेस्प्रेस्सो रेड कार्पेट पर कदम रखते ही उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। इस बार उनका लुक पूरी तरह से भारतीय जड़ों और हमारी क्षेत्रीय कला को विश्व स्तर पर एक नए और आधुनिक अंदाज में पेश करने वाला था, जिसने हर किसी का मन मोह लिया। दिशा की इस खूबसूरत ड्रेस को बेंगलुरु के फैशन लेबल निहारिका विवेक ने डिजाइन किया था। इस आउटफिट की सबसे बड़ी खासियत इसका टिकाऊपन और विरासत को सहेजने का तरीका है। इसे दो पुरानी, हाथ से बुनी गई विंटेज सिल्क साड़ियों को नया रूप देकर तैयार किया गया। सुनहरे जरी के बॉर्डर और कई रंगों की बुनाई वाली इन साड़ियों को एक स्ट्राडलिश मरमेड-कट ड्रेस में बदल दिया। इस ड्रेस में हॉल्टर-नेकलाइन, कमर पर एक अट्रैक्टिव कॉर्सेट और नीचे एक लंबी स्कर्ट थी, जो इसे एक बेहद मॉडर्न लुक दे रही थी। यह परिधान केवल एक ड्रेस नहीं, बल्कि दक्षिण भारतीय संस्कृति का एक जीवंत उदाहरण है। इसका डिजाइन मुख्य रूप से साउथ इंडियन मंदिरों की नक्काशी और नारी शक्ति की झलक पेश करता है। इसे तैयार करने में महिला कारीगरों ने 2,500 घंटों से ज्यादा समय तक कड़ी मेहनत की है।

नया सीज़न, नई उम्मीदें कोरियोग्राफर और जज गीता कपूर से विशेष बातचीत

टेलीविज़न जगत के सबसे चर्चित और प्रतिष्ठित डांस रियलिटी शोज़ में से एक इंडियाज़ बेस्ट डांसर अपने नए सीज़न के साथ दर्शकों के बीच दस्तक दे चुका है। शो में बतौर जज शामिल मशहूर कोरियोग्राफर गीता कपूर (गीता माँ) अपने बेबाक और स्नेही अंदाज़ के लिए जानी जाती हैं। नए सीज़न, डांस की बदलती परिभाषा और युवा प्रतिभाओं की तैयारियों को लेकर उनसे हुई बातचीत के मुख्य अंश यहाँ प्रस्तुत हैं: प्रश्नः आप लंबे समय से डांस रियलिटी शोज़ का अभिन्न हिस्सा रही हैं। इंडियाज़ बेस्ट डांसर के साथ आपका यह सफर हर सीज़न में नया और रोमांचक कैसे बना रहता है?

गीता कपूरः इंडियाज़ बेस्ट डांसर के मंच ने मुझे हमेशा एक सीखने वाले की तरह सतर्क रखा है। वजह साफ है- हर बीतते सीज़न के साथ यहाँ सिर्फ डांसर्स ही नहीं बदले, बल्कि खुद डांस की कला का भी निरंतर विकास हुआ है। यह मंच मुझे नृत्य के बदलते स्वरूप को बेहद करीब से देखने और इस विद्या के बारे में रोज़ कुछ नया सीखने का एक शानदार अवसर देता है। यही वजह है कि मेरा उत्साह कभी कम नहीं होता।

प्रश्नः इस बार शो की थीम 'अपना वाला डांस' रखी गई है।

आमिर खान की फिल्म सितारे ज़मीन पर का 31 मई को वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर

सिनेमाघरों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बड़ी कामयाबी बटोरने के बाद, अभिनेता आमिर खान स्टारर स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म सितारे ज़मीन पर अब छोटे पर्दे पर दस्तक देने के लिए तैयार है। हंसी, खुशी और जज्बातों से भरपूर इस पारिवारिक फिल्म का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर रविवार, 31 मई को दोपहर 1 बजे सोनी मैक्स चैनल पर किया जाएगा। आर.एस. प्रसन्ना के निर्देशन में बनी यह फिल्म सबका अपना नॉर्मल के खूबसूरत संदेश के साथ परिवारों के बीच जुड़ाव, संवेदनशीलता और अपनेपन को बड़े पर्दे के बाद अब टीवी स्क्रीन पर लेकर आ रही है। :: अनोखी है कोच और विशेष खिलाड़ियों की कहानी :: फिल्म की कहानी बास्केटबॉल कोच गुलशन अरोड़ा (आमिर खान) की है, जिसे एक कानूनी सजा के तौर पर न्यूरोडाइवर्जेंट (विशेष) खिलाड़ियों की टीम को ट्रेन करने की जिम्मेदारी मिलती है। मजबूरी से शुरू हुआ यह सफर आगे चलकर उसकी जिंदगी का सबसे खूबसूरत हिस्सा बन जाता है। फिल्म में जेनेलिया डिसूज़ा ने गुलशन की पत्नी सुनीता का अहम किरदार निभाया है। इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी इसके विशेष खिलाड़ी हैं, जिन्हें असली और गैर-प्रोफेशनल बच्चों ने निभाया है। इनमें नमन मिश्रा, ऋषभ जैन, अरूष दत्ता, आशीष पेंडसे, सिमरन मंगेशकर, वेदांत शर्मा, सम्मित देसाई, ऋषि शाहनी, आयुष भंसाली और गोपीकृष्णन के. वर्मा शामिल हैं।

अदिति राव हैदरी के रॉयल लुक

कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में इस बार कई सितारों के फैशन और स्टाइल की चर्चा हो रही है, लेकिन अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने अपने शाही अंदाज से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। अदिति का दूसरा लुक सोशल मीडिया पर सामने आते ही तेजी से वायरल हो गया और फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कान्स के रेड कारपेट पर अदिति ने ग्रीन रंग का थाई-हाई स्लिट गाउन पहना था, जिसमें उनका लुक बेहद आकर्षक नजर आ रहा था। वन-शोल्डर डिजाइन वाले इस गाउन पर बारीक और शानदार कढ़ाई का काम किया गया था, जिसने उनके पूरे लुक को और भी खास बना दिया। रेड कारपेट पर उनका आत्मविश्वास और स्टाइल लोगों को खूब पसंद आया। अभिनेत्री ने अपने लुक को ज्यादा भारी ज्वेलरी के बजाय बेहद सिंपल एक्सेसरीज के साथ पूरा किया, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा था। उन्होंने गले में एक डायमंड नेकलेस पहना था, जो उनके आउटफिट के साथ बेहद खूबसूरत लग रहा था। अदिति के इस लुक में विंटेज ग्लैमर और मॉडर्न फैशन का एक शानदार और अद्वितीय मिश्रण देखने को मिला।

श्रीलीला और तिलक के डेटिंग की खबरें तेज

दक्षिण भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री श्रीलीला इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें तेजी से फैल रही हैं कि वह भारतीय क्रिकेटर तिलक वर्मा को डेट कर रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों पिछले लगभग एक साल से एक-दूसरे के करीब बताए जा रहे हैं, हालांकि अब तक दोनों में से किसी ने भी इन खबरों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इन चर्चाओं को उस समय और हवा मिली जब पिछले साल श्रीलीला अपने परिवार के साथ श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर पहुंची थीं और उसी दौरान तिलक वर्मा भी वहां मौजूद थे।

सिंहस्थ कार्यों के लिए एडवांस प्लानिंग कर कार्य की गति बढ़ाएं -कलेक्टर सिंह

कार्य के दौरान समस्या के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराएं

उज्जैन।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को सिंहस्थ 2028 के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान विभागों के माध्यम से कार्य प्रगति की जानकारी दी गई। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि प्रचलित निर्माण कार्य के दौरान संबंधित अधिकारी कार्यों के लिए एडवांस प्लानिंग तैयार रखकर कार्य जारी रखें। जिससे किसी भी स्तर पर कार्य में विलंब नहीं होगा। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि सीवरेज और हरियाखेड़ी परियोजना से जुड़े अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्य के दौरान पाइपलाइन के कारण कहीं भी कार्य अवरुद्ध ना हो।

बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे। सिंहस्थ 2028 के विश्व स्तरीय आयोजन की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न विकास कार्यों के साथ मार्ग चौड़ीकरण के कार्य प्रचलित है। मंगलवार को नगर निगम और उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जहां सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है वहां फिनिशिंग और सौंदर्यीकरण का कार्य करें कलेक्टर सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिए कि कोयला फाटक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य जहां पूर्ण हो चुका है वहां फिनिशिंग का कार्य पूर्ण करें। इसी तरह अन्य मार्गों पर भी कार्य पूर्ण होने के बाद मार्ग सौंदर्यीकरण के लिए फिनिशिंग कार्य सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सती गेट क्षेत्र, ढाबा रोड़ से सत्यनारायण मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के साथ ही पाइप लाइन और मार्ग के दोनों साईड नाली निर्माण का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। कलेक्टर सिंह ने निर्माण कार्य करने वाले सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम के माध्यम से खजूर वाली मस्जिद से जूना सोमवारिया तक, बियावानी से निकास चौराहा तक, हरसिद्धि की पाल से रामघाट तक, हनुमान नाका से हरिफाटक चौराहा तक, शांति नगर गेल इंडिया से नीलगंगा चौराहा तक निर्माणाधीन मार्ग चौड़ीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य की गुणवत्ता के साथ गति बढ़ाने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से शंकराचार्य चौराहा से दत्त अखाड़ा, खाक चौक से वीर सांवरकर मार्ग चौड़ीकरण, गढकालिका मंदिर से ओखलेश्वर श्मशान तक, शनि मंदिर से जीवन खेड़ी, भैरवगढ जेल से पिपलीनाका और प्रशांति चौक से शनि मंदिर तक रोड़ निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन यूनिटी मॉल की प्रगति की जानकारी भी ली।

कलेक्टर ने यात्रियों के लिए प्रस्तावित पार्किंग भूमि का निरीक्षण किया

चिंतामन गणेश मंदिर के समीप से फ्रीगंज मार्ग से आने वाले और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को पार्किंग कराने के लिए संभागायुक्त आशीष सिंह के निर्देश पर प्रस्तावित पार्किंग स्थल का निरीक्षण कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को किया। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित सुविधाए उपलब्ध कराने के लिए कार्य योजना बनाई जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयास कुमट भी मौजूद रहे। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पीछे की ओर रेलवे स्टेशन के समीप प्रस्तावित वाहन पार्किंग स्थल के लिए महाकालेश्वर मंदिर समिति की भूमि और प्रायवेट भूमि का स्थल निरीक्षण किया। मौके पर जानकारी दी गई कि करीब 15 बीघा भूमि रिक्त है जिस पर श्रद्धालुओं के लिए वाहन पार्किंग की जा सकती है। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि पार्किंग स्थल के लिए चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने चिंतामन गणेश मंदिर का अवलोकन करते हुए श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था की जानकारी ली। मंदिर प्रशासक अभिषेक शर्मा ने जानकारी दी कि मंदिर में सुरक्षा के लिए 16 सीसीटीवी कैमरे लगे है। वहीं मंदिर में लगी दानपेटी पूर्ण रूप से भर चुकी है। दान राशि की गणना नही होने से परेशानी होती है। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे बढ़ाए जाएं। कलेक्टर सिंह ने तहसीलदार आलोक चौरे को निर्देश दिए कि मंदिर की दानपेटी की गणना शीघ्र कराई जाए।कलेक्टर सिंह ने समिति की बैठक जल्दी कराने के निर्देश दिए है।

उज्जैन जिला अस्पताल में एंबुलेंस देरी पर हंगामा

तोड़फोड़ हुईः सड़क हादसे के दो गंभीर घायल आए थे

उज्जैन।

उज्जैन के जिला चिकित्सालय चरक भवन में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे इलाज और एंबुलेंस में देरी के आरोप को लेकर भारी हंगामा हो गया। महाकाल थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल दो युवकों को अस्पताल लाया गया था। स्थिति बिगड़ने पर भीड़ ने अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी और डॉक्टरों से अभद्रता की।

पुलिस ने पहुंचकर संभाली स्थिति

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। अस्पताल प्रबंधन और सीएमएचओ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

ऑटो और बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर

महाकाल थाना क्षेत्र में एक ऑटो और टू-व्हीलर की जोरदार टक्कर में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों ने घायलों को निजी दूध वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने तुरंत उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण दोनों को रेफर करने की तैयारी की जा रही थी। डॉक्टर संगीता पलसानिया ने बताया कि 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई थी, लेकिन समय पर नहीं पहुंचने से परिजन और अन्य लोगों में नाराजगी फैल गई। इसके बाद करीब 60 से 80 लोगों की भीड़ अस्पताल परिसर में जमा हो गई और हंगामा शुरू हो गया। आरोप है कि गुस्साई भीड़ ने इमरजेंसी गेट नंबर-2 के कांच तोड़ दिए और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अभिषेक जाटवा और डॉक्टर शिव मेनिया के साथ अभद्रता भी की गई।

उज्जैन में मेडिकल संचालकों की कल हड़ताल

1000 मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे आज ही खरीदें जरूरी दवाइयां

उज्जैन। सहित देशभर में कल बुधवार को मेडिकल दुकानें बंद रहेंगी। अखिल भारतीय केमिस्ट संघ (एआईओसीडी) के आह्वान पर जिले के करीब 1000 से अधिक मेडिकल संचालक अपनी दुकानें बंद रखेंगे, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (यूडीसीडीए) ने अखिल भारतीय केमिस्ट संघ (एआईओसीडी) के आह्वान पर 20 मई 2026, बुधवार को उज्जैन में पूर्ण दवा बंद की घोषणा की है। यह बंद अवैध ई-फार्मेसी की अनियंत्रित कार्यप्रणाली और कॉर्पोरेट घरानों द्वारा दी जा रही 'डीप डिस्काउंटिंग' (भारी छूट) के विरोध में किया जा रहा है।

बिना भौतिक सत्यापन बेच रहे दवाएं- एसोसिएशन का आरोप है कि अवैध ई-फार्मेसी और भारी छूट के कारण देश के 5 करोड़ आश्रितों की आजीविका पर संकट आ गया है। उनका दावा है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नियमों में ढील का फायदा उठाकर बिना भौतिक सत्यापन के दवाएं बेच रहे हैं। इससे न केवल नकली दवाओं की बिक्री बढ़ रही है, बल्कि आदतन दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता और एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) जैसे बड़े खतरे भी पैदा हो रहे हैं। यह सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

खुले रहेंगे अस्पताल के मेडिकल स्टोर- बुधवार को होने वाली हड़ताल को देखते हुए जरूरी दवाएं लोग आज ही अपने पास की मेडिकल दुकानों से ले सकते हैं। हालांकि, इमरजेंसी की स्थिति में अस्पतालों में संचालित मेडिकल स्टोर से दवाएं मिल सकेंगी। अस्पतालों के मेडिकल स्टोर को हड़ताल से दूर रखा है।

उज्जैन में जल संकट पर विरोध प्रदर्शन

गंदे पानी की आपूर्ति से लोग सड़कों पर उतरे; निगम के खिलाफ नारेबाजी

उज्जैन।

गर्मी बढ़ने के साथ जल संकट गहराता जा रहा है। मंगलवार सुबह तैयब पूरा और बोहरा बाखल क्षेत्र के रहवासियों ने गंदे पानी और कम दबाव से हो रही जल आपूर्ति के विरोध में प्रदर्शन किया। लोगों ने नगर निगम और पीएचई विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी अपने घरों से बाल्टियों में गंदा पानी और खाली बर्तन लेकर सड़क पर पहुंचे। उन्हींने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन समाधान नहीं हो रहा है।

कांग्रेस ने नगर निगम पर लगाए आरोप

नेता प्रतिपक्ष रवि राय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शहर की जल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

कम दबाव और गंदे पानी की आपूर्ति का आरोप

स्थानीय रहवासी अकबर अली ने बताया कि पानी का दबाव इतना कम है कि घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। हाकिम्मुद्दीन ने कहा कि वार्ड 14 में गंदा पानी आ रहा है और आपूर्ति का समय भी बहुत कम है, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कांग्रेस का कहना है कि शहर की लगभग 7 लाख आबादी के लिए प्रतिदिन 2250 एमएलडी पानी की आवश्यकता है, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो रही है। उनका दावा है कि प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी देने का दावा किया जाता है, जबकि कई क्षेत्रों में पानी की भारी कमी है।

नगर निगम कमिश्नर ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि गंभीर डैम में पर्याप्त पानी उपलब्ध है। शहर में निर्धारित समय के अनुसार जल आपूर्ति की जा रही है।

मुरलीपुरा में हुई हत्या का 12 घंटे में खुलासा

खाने के विवाद में चाचा ने की थी भतीजे की हत्या

उज्जैन।

उज्जैन के मुरलीपुरा में मजदूरी का काम करने वाले युवक की जघन्य हत्या के मामले में महाकाल थाना पुलिस ने मात्र 12 घंटे में अंधेकत्ल का खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक का चाचा ने ही फावड़े से पिट पिट कर अपने भतीजे की हत्या की थी। मामले में आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है।

सोमवार शाम महाकाल थाना पुलिस को मुरलीपुरा में खून से सनी एक लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर पहुंचने पर आसपास के रहवासियों ने जानकारी मिली कि मृतक मुकेश नायक उम्र 35 वर्ष मजदूरी का काम करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी और वो यहां अकेला रहकर भूंसा भरने का काम करता था। मृतक के शरीर पर फावड़े से मारने के निशान मिले है। जिस पर से पुलिस हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कि।

मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए जाने से हत्या की आशंका पर थाना महाकाल में प्रकरण दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। घटनास्थल के आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध नहीं था तथा आरोपी द्वारा किसी प्रकार के मोबाइल फोन का उपयोग नहीं किया जाना पाया गया।

पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के रहवासियों से गहन पूछताछ की गई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना के बाद से मृतक का चाचा मनोहर नायक, जो फरियादी सुभाष रायकवार के यहां हाली का कार्य करता था, मौके से फरार था। संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा मनोहर नायक की तलाश कर उसे पकड़ा पूछताछ के दौरान आरोपी मनोहर नायक ने स्वीकार किया कि खाना खाने के दौरान उसकी अपने भतीजे मुकेश नायक से आपसी कहासुनी हो गई थी।

घटना के समय आरोपी शराब के नशे में था। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पास में रखे लोहे के फावड़े से मुकेश नायक के सिर पर लगातार 2-3 वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम पुलिस टीम में थाना प्रभारी गगन बादल, सब इंस्पेक्टर बलराम थिरोदा ,प्रधान आरक्षक मनीष यादव ,प्रधान आरक्षक सुनील पाटीदार द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोहर नायक को घटना के मात्र 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।

किन्नर के घर हमला कर 3.5 लाख रुपए लूटे, डंडे से पीटा

उज्जैन। उन्हेल में किन्नर के घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। बदमाश किन्नर को घायल करने के बाद 3.5 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। वारदात को तीन आरोपियों ने अंजाम दिया। घटना में किन्नर गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके बाद उसे उज्जैन रेफर किया गया। कविता किन्नर उन्हेल में अपने चेले मिष्ठी के साथ रहती हैं। सोमवार रात करीब डेढ़ बजे कविता के घर में तीन लोग धारदार हथियार लेकर दाखिल हुए। कविता ने बताया कि छत के रास्ते तीनों घर में घुसे। अंदर आते ही मेरे साथ मारपीट की। इसके बाद मुझे एक कमरे में बंद कर दिया। फिर बाहर निकालकर डंडे से दोबारा मारपीट की गई। इस दौरान मेरा चेला मिष्ठी भी उठ गया। बदमाशों ने उसके साथ भी मारपीट की, जिससे वह भी घायल हो गया। कविता ने बताया कि बदमाश घर में रखे 3.5 लाख रुपए नकद, पायजेब और एक मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। उन्हेल थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि देर रात मारपीट की सूचना मिली थी। एक घायल को गंभीर अवस्था में उज्जैन पहुंचाया गया। फिलहाल लूट की पुष्टि नहीं हुई है। दोनों के बयान के आधार पर आगे की जांच की जा रही है।

जर्जर छात्रावास पर छात्रों का प्रदर्शन

1000 सीट वाले नए भवन की मांग दीवारों में दरारें, हादसे का डर

उज्जैन। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के छात्रों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। छात्र कोठी रोड स्थित शासकीय सभागीय एवं पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास की बदहाल स्थिति को लेकर आक्रोशित थे। छात्रों का आरोप है कि करीब 44 साल पुराना यह छात्रावास भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिससे यहां रहने वाले छात्रों की सुरक्षा खतरे में है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने प्रशासन से 1000 सीट क्षमता वाले एक नए और आधुनिक छात्रावास के निर्माण की मांग की। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। जानकारी के अनुसार,

इस छात्रावास का निर्माण वर्ष 1980 में किया गया था। उस समय उज्जैन संभाग की आबादी और छात्र संख्या को देखते हुए इसमें 100 सीटों की व्यवस्था की गई थी। हालांकि, समय के साथ छात्र संख्या में लगातार वृद्धि हुई, लेकिन छात्रावास की क्षमता और संसाधनों में कोई विस्तार नहीं किया गया। छात्रों ने बताया कि भवन की दीवारों में दरारें आ चुकी हैं और इसके कई हिस्से कमजोर हो गए हैं। इस जर्जर स्थिति के कारण छात्रों को हमेशा किसी बड़े हादसे का डर बना रहता है। छात्र नेता अजय सिसोदिया ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1980 में उज्जैन संभाग की आबादी लगभग 5 से 7 लाख थी, जो अब बढ़कर 17 से 18 लाख तक पहुंच चुकी है। इसके बावजूद छात्रावास में आज भी केवल 100 सीटें ही उपलब्ध हैं, जो वर्तमान आवश्यकताओं के लिए अपर्याप्त हैं। इस मामले पर उज्जैन के एसडीएम एल एन गर्ग ने बताया कि मैंने कलेक्टर से बात की है। कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि वर्तमान परिसर की जमीन का परीक्षण कराया जाएगा। यदि वहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध होती है, तो उसी स्थान पर नए छात्रावास निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। यह निर्णय भूमि की उपलब्धता की जांच के बाद ही लिया जाएगा।

जनसुनवाईः लाभार्थी को राहत राशि में विलंब होने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध जांच के निर्देश दिए

उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई में प्राप्त श्रीमती विलम कुवर निवासी ग्राम बिछडोद खालसा अनुभाग घट्टिया के आवेदन पर सख्त कार्यवाही की।श्रीमती विलम कुवर के पुत्र स्व. जितेंद्र की कूप में गिरकर मृत्यु संबंधित प्रकरण में लाभार्थी मा श्रीमती कुवर को राहत राशि प्रदान करने में विलंब होने पर संबंधित अधिकारियो के विरुद्ध नोटिस जारी कर जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार पात्र नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ समय सीमा में प्राप्त हो इसके लिए सभी अधिकारी समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करें। विलंब होने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है की उक्त प्रकरण में लाभार्थी को 04 लाख रुपए राशि के भुगतान की स्वीकृति अनुविभागीय अधिकारी घट्टिया द्वारा की गई है।

ग्राम पंचायत टटवास में किसानों हेतु जागरुकता कार्यक्रम

उज्जैन। कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संचालित कृषि रथ कार्यक्रम की कड़ी में गत दिवस ग्राम पंचायत टटवास में एक महत्वपूर्ण किसान संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसानों को आगामी खरीफ सीजन की तैयारी, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किसानों को फार्मर आईडी बनवाने की प्रक्रिया एवं महत्व, ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद (उर्वरक) वितरण की संपूर्ण जानकारी, संतुलित उर्वरकों का उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, नरवाई प्रबंधन (पराली प्रबंधन) के वैज्ञानिक तरीके, फसल विविधीकरण एवं बागवानी को बढ़ावा, प्राकृतिक खेती के उपाय एवं लाभ, खरीफ फसलों की पूर्व तैयारी एवं उन्नत बीज, तकनीक की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उप संचालक पशुपालन विभाग डॉ. के. शिरवानी तथा परियोजना संचालक आत्मा के.एस. कैन सहित कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीण किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और विभिन्न योजनाओं एवं समस्याओं पर चर्चा की। यह कार्यक्रम किसानों को सशक्त बनाने, तथा टिकाऊ एवं लाभकारी खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए- संभाग आयुक्त सिंह

सभी विभाग समन्वय के साथ एक ओर का मार्ग पूर्ण तैयार करें जिससे आमजन को आने-जाने में परेशानी ना हो- संभाग आयुक्त सिंह

उज्जैन।

सिंहस्थ 2028 महापर्व के अंतर्गत विश्व भर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर शहर में निर्माणाधीन मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण मंगलवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि शहर में प्रगतिरत मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान सुरक्षा के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। संभाग आयुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में शामिल अलग-अलग विभागों के माध्यम से हो रहे मार्ग निर्माण में एक ओर से मार्ग का कार्य पूर्ण किया जाए, जिससे आमजन को आवागमन में कोई परेशानी ना हो। सभी विभाग और निर्माण एजेंसी को कार्य की समयसीमा का विशेष रूप से ध्यान रखने की हिदायत दी है।

सिंहस्थ महापर्व के लिए निर्माणाधीन कार्यों के नियमित निरीक्षण कर कार्य प्रगति की जानकारी मौके पर जाकर अधिकारियों द्वारा ली जा रही है। साथ ही आवश्यक निर्देश भी दिए जा रहे है। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सबसे पहले महाकाल मंदिर और महाकाल लोक को जोड़ने वाले जयसिंहपुरा मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण जयसिंहपुरा चौराहा से महाकाल महालोक तक किया।

नगर निगम आयुक्त मिश्रा ने कार्य प्रगति की जानकारी दी।संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने दो तालाब से पंचमपुरा होकर पुष्पा मिशन हॉस्पिटल के सामने तक निर्माणाधीन मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। संभागायुक्त सिंह ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि मार्ग चौड़ीकरण कार्य के चलते परेशानी ना हो इसके लिए एक ओर से कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया जाए, जिससे आमजन को आने-जाने के दौरान कोई परेशानी नही हो।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित. प्रधान संपादक: सुनील वर्मा
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com,